

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 09 अंक : 350 जयपुर, रविवार 19 जनवरी, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


न्यूज इनबॉक्स

## राजौरी में लोगों की रहस्यमयी मौत मामले की अंतर मंत्रालयी टीम करेगी जांच

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)**। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक गांव का दौरा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक अंतर मंत्रालयी टीम के गठन का आदेश दिया है। इस टीम का मुख्य उद्देश्य पिछले छह सप्ताह में तीन घटनाओं में हुई मौतों के कारणों का पता लगाना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, टीम का नेतृत्व केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। इसमें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, कृषि, रसायन और उर्वरक और जल संसाधन मंत्रालयों के विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। टीम को पशुपालन, खाद्य सुरक्षा और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के विशेषज्ञों की ओर से भी सहायता प्रदान की जाएगी। केंद्रीय टीम रविवार को आगे बढ़ेगी और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर तत्काल राहत पहुंचाने के साथ-साथ भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाने पर भी काम करेगी। स्थिति को प्रबंधित करने और मौतों के कारणों को समझने के लिए देश के कुछ सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों की व्यवस्था की गई है। राजौरी जिले के बड्डाल गांव में पिछले 45 दिनों में रहस्यमय बीमारी से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। अस्पतालों में भर्ती होने के कुछ दिनों के भीतर मरने से पहले लोगों ने बुखार, दर्द, मतली और चेतना की हानि की शिकायत की। एक लड़की की हालत नाजुक बनी हुई है। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि जांच और नमूनों ने अनुभवजन्य रूप से संकेत दिया है कि घटनाएं बैक्टीरिया या वायरल मूल की संचारी बीमारी के कारण नहीं थीं और इसका कोई सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलू नहीं है।

## नक्सली बैकफुट पर, माना बीजापुर मुठभेड़ में 18 माओवादी मारे गए

जयपुर टाइम्स

**जगदलपुर(एजेंसी)**। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुए मुठभेड़ मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुजारी कांकेर मुठभेड़ में 12 नक्सली नहीं बल्कि 18 नक्सली मारे गए हैं। दरभा बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव गंगा ने प्रेस नोट जारी कर इसका खुलासा किया है। सचिव गंगा ने प्रेस नोट में बताया है कि मुठभेड़ में 50 लाख के इनामी स्टेट कमेटी मेंबर दामोदर राव मारा गया है।

इसके साथ पीपीसीएम हुंगी, देवे, जोगा और नरसिंह राव भी मारे गए हैं। नक्सली मारे गए छह नक्सलियों के शव ले जाने में कामयाब रहे। दो दिन पहले बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर और मारुड़बाका के जंगल में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में फोर्स ने 18 नक्सलियों को ढेर किया था। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का बड़ा ऑपरेशन हो रहा है। सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान चला रही है।

मुठभेड़ के दिन नक्सली बड़ी बैठक ले रहे थे। इसमें छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना कैडर के हार्ड कोर नक्सली बैठक में शामिल हुए थे। पुलिस ने सूचना के आधार पर ये मुठभेड़ की थी। घना जंगल होने की वजह से नक्सली भाग नहीं पाए थे। सभी जवान सुरक्षित थे। 16 अप्रैल 2024 को कांकेर में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए। यह देश की सबसे बड़ी नक्सली मुठभेड़ थी। जिससे नक्सली डर के भय से कांप उठे। वहीं 30 अप्रैल को 9 घंटे तक चली मुठभेड़ जवानों ने 10 नक्सलियों को मारा था। बूझमाड़ के टेकामेटा के जंगलों में डीआरजी और एसटीएफ के जवानों का सामना नक्सलियों से हुआ था।

ग्राम स्वराज को जमीनी स्तर पर लागू कर रही केंद्र सरकार

# देश में 65 लाख और राजस्थान में 1.50 लाख लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड व पट्टे वितरित





## स्वामित्व योजना से ग्राम सशक्तीकरण और सुशासन को मिल रहा बढ़ावाः भजनलाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख संपत्ति कार्ड वितरित किए व लाभार्थियों से संवाद किया। प्रदेश में लगभग 1 लाख 50 हजार लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड व पट्टें वितरित किए गए और श्रीगंगानगर जिले की लाभार्थी रचना से प्रधानमंत्री ने संवाद भी किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम में राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान दुर्गापुरा से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनकी आवासीय संपत्तियों के कानूनी दस्तावेज उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी तथा इस योजना के तहत अब तक गांवों में लगभग 2.25 करोड़ लोगों के संपति कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों ने कानूनी दस्तावेज प्राप्त करने के बाद अपनी संपत्ति के आधार पर बैंकों से ऋण लिया है तथा अपने गांवों में छोटे व्यवसाय शुरू किए हैं। जिससे छोटे और मध्यम किसान परिवारों के लिए संपत्ति कार्ड आर्थिक सुरक्षा की गारंटी बन गए हैं। साथ ही, कानूनी प्रमाण पत्र मिलने से कई परिवार अवैध कब्जों और लंबे समय तक चलने वाले अदालती विवादों के संकट से मुक्त हो रहे हैं।




### स्वामित्व योजना से हो रहा ग्रामीण विकास का बेहतर नियोजन

मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ग्राम स्वराज को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए गंभीरता से काम कर रही है और स्वामित्व योजना ने ग्राम विकास के नियोजन और क्रियान्वयन में उल्लेखनीय सुधार किया है। उन्होंने कहा कि संपत्ति कार्ड से भूमि स्वामित्व के विवादों का हल होने के साथ ही, पंचायत की भूमि और चरागाह क्षेत्रों की पहचान व आपदा प्रबंधन आसान हो जाएगा, जिससे ग्राम पंचायतें भी आर्थिक रूप से सशक्त बनेगी।

### गांवों तक पहुंच रही बुनियादी सुविधाएं

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 2.5 करोड़ से अधिक परिवारों को बिजली, 10 करोड़ से अधिक शौचालय, 10 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस कनेक्शन, पिछले पाँच वर्षों में 12 करोड़ से अधिक परिवारों को नल का पानी उपलब्ध कराया गया है एवं 1.5 लाख से अधिक आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं, जिनसें से अधिकांश गांवों में है। उन्होंने कहा कि दशकों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे परिवार अब इन सुविधाओं के प्राथमिक लाभार्थी हैं। प्रधानमंत्री ने सुदूर सीमावर्ती गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का उल्लेख किया।


### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प हो रहा पूरा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं में गांव और गरीब को केन्द्र में रखकर आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है, क्योंकि गांवों के मजबूत व आत्मनिर्भर होने से ही देश आत्मनिर्भर एवं विकसित होगा। शर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति के मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्राम सुशासन और सशक्तीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों को उनके अधिकार प्रदान करने की दिशा में यह दूरदर्शी कदम है, जिससे गांवों का समग्र विकास व ग्रामीण परिवारों का सशक्तीकरण सुनिश्चित हो रहा है।

### प्रदेश के 35 हजार 955 ग्रामों का ड्रोन सर्वेक्षण पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वामित्व योजना के तहत 35 हजार 955 ग्रामों का ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है तथा आज 1 लाख 50 हजार से अधिक कार्ड का वितरण किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के हर गांव और ग्रामवासी तक इस योजना का लाभ पहुंचे और कोई भी वंचित नहीं रहे। इसी दिशा में राज्य सरकार की ओर से प्रशिक्षण और अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं तथा इन कार्यक्रमों में ग्राम पंचायतों के अधिकारियों, पटवारियों और अन्य स्थानीय कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है ताकि वे इस योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से भूमिका निभा सके। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि इन परिवारों को अपना घर मिल सके। कार्यक्रम में सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधायक कुलदीप धनखड़, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा एवं शासन सचिव पंचायती राज डॉ. जोगाराम मौजूद रहे। वहीं प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रम से मंत्री, सांसद व विधायक वीसी के माध्यम से जुड़े।

# राजस्थान में सर्दी का सितम, माउंट आबू में जमीं बर्फ



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। उत्तर से चलने वाली हवाओं के चलते राजस्थान में भीषण ठंड पड़ रही है। हिल स्टेशन माउंट आबू पर झील पूरी तरह जम चुकी है। यहां पारा जीरो डिग्री पर पहुंच गया है। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में दिन में भी शीतलहर चल रही है।

वहीं प्रदेश में 20 व 21 जनवरी को फिर से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से जयपुर, भरतपुर, बीकानेर व जोधपुर संभाग में बारिश हो सकती है। अगामी तीन दिनों तक प्रदेश में घने से अति घने कोहरे की भी चेतावनी जारी की गई है।

**बीते 24 घंटों मे मौसम का हाल**

शुक्रवार को बीकानेर, जयपुर, कोटा, भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं घना कोहरा और कोल्ड-डे दर्ज किया गया। वहीं पूर्वी राजस्थान कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा भी दर्ज की गई। इसमें भरतपुर में सर्वाधिक 4 एमएम वर्षा दर्ज की गई। बाड़मेर में सर्वाधिक तापमान बाड़मेर में 24.9 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सिरोही में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री दर्ज किया गया। कोहरे के चलते कई जिलों में विजिबिलिटी में कमी आई है, जिसके चलते सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

बेंगलुरू में सुवर्णा समब्रह्म और 11वां राज्यस्तरीय ब्राह्मण सम्मेलन

# मोदी ने दी विकास के साथ विरासत के संरक्षण की प्रेरणाः भजनलाल



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश और समाज के उत्थान में हर व्यक्ति की भूमिका अहम है। समाज में शांति, न्याय और सद्भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ हमारी जिम्मेदारी है कि हम हर क्षेत्र में प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाते रहें। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें विकास के साथ विरासत का संरक्षण करने की प्रेरणा दी है। हमें उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए हमारे पूर्वजों की दी हुई सांस्कृतिक विरासत को संजोने के साथ मजबूत भी करना चाहिए। शर्मा ने शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरू में सुवर्णा समब्रह्म और 11वें राज्य स्तरीय ब्राह्मण सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा जन सेवा के कार्यों से अपने ध्येय 'सर्वे जना सुखिनो भवन्तु' को चरितार्थ कर रही है। यह वेदों और शास्त्रों का पारायण, नित्यकर्मों का पालन और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण व संवर्धन का कार्य कर रही है। हमारे प्राचीन ज्ञान को जीवित रखने का यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक धारा को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। यह वह समाज है जो पूरे राष्ट्र को दिशा देने का काम करता है।

### राजस्थान और कर्नाटक सांस्कृतिक विरासत के लिए विख्यात

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह राजस्थान अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए देश- दुनिया में जाना जाता उसी तरह कर्नाटक भी अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए विख्यात है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार भगवान परशुराम ने कर्नाटक के कोंकण तट का निर्माण किया था, इसलिए इसे परशुराम सृष्टि कहा जाता है। यह सृष्टि हरे-भरे पश्चिमी घाटों, खूबसूरत समुद्री तटों और मन को मोह लेने वाले दृश्यों, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों से समृद्ध है। शर्मा ने कहा कि कर्नाटक संगीत पूरी दुनिया के शास्त्रीय संगीत में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखता है। यह शहर सिलिकॉन वैली के रूप में आईटी और स्टार्टअप के मामले में दुनिया के प्रमुख केंद्रों को भी टक्कर दे रहा है। मैं राजस्थान और कनार्टक के सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और अधिक मजबूत करने के लिए आप सभी को राजस्थान आने के लिए आमंत्रित करता हूं।

### राज्य सरकार धार्मिक आस्था और संस्कृति का कर रही संरक्षण

शर्मा ने कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार धार्मिक आस्था और संस्कृति के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। खाटूश्यामजी मंदिर को भव्यता प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपये राशि के कार्य और 20 प्रमुख मंदिरों और आस्था धामों में भी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान का हर कोना, अपनी समृद्ध धरोहर, प्रकृति, संस्कृति और विविधताओं का दर्शन करवाता है। उन्होंने उद्यमियों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने निवेशकों के लिए एक ऐसा माहौल तैयार किया है जहां उन्हें हर संभव सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान उत?पादों और सेवाओं के लिए एक बड़ा बाजार है, जहां कुशल श्रम शक्ति के साथ ही उत्तर और पश्चिम भारत के प्रमुख बाजारों से सीधा जुड़ाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के हर समाज के वंचितों के उत्थान के लिए संकल्पित भाव से काम कर रहे हैं, ताकि विकसित भारत का संकल्प सही मायने में पूरा हो सके।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अजमेर में करीब सात हजार पट्टे किए वितरित

जयपुर टाइम्स

**अजमेर(कांस)**। स्वामित्व योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम में शनिवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी व विधायक अनिता भदेल ने लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली लाभार्थियों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना देश के गांवों की अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक है। ग्रामीण आबादी को अपनी भूमि का कानूनी प्रमाण दिया गया।

कानूनी दस्तावेज से मालिकाना अधिकार मिला है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से भी ग्रामीण भू सम्पति पर विस्तृत रिपोर्ट जारी की गई है। दस्तावेज के अभाव में ग्रामीण सम्पत्ति डेडकेपिटल हो जाती है। स्वामित्व योजना के लिए ड्रॉन मेपिंग करवाई गई है। अब आवासीय सम्पत्ति के कागजात दिए जा रहे है। इससे अवैध कब्जे तथा अदालती परिवादों से मुक्ति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत देश में वर्चुअल माध्यम से पट्टों का वितरण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से ऐसे लोग है, जिनकी जमीन किसी भी सरकारी आंकड़ो में दर्ज नहीं थी। इस कारण जमीन को लेकर आपसी झगड़ा या कब्जा होने का खतरा हमेशा बना रहता था। उनको उस जमीन पर ऋण और अन्य सुविधाएं नहीं मिल पाती थी। ग्रामीण परेशान रहते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रामीणों के इस दुःख को समझा और इस समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना की 24 अप्रैल 2020 को शुरूआत की। इस योजना में ड्रोन और डिजिटल माध्यम से गांव और खेत की मेपिंग करके सम्पत्ति के नामांकन और सत्यापन का कार्य किया जाकर स्वामित्व संबंधी पट्टे दिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण विकास और विश्वास का आधार बनी है। पूरे भारत में तीन लाख से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। लगभग दस करोड़ से अधिक प्रोपट्री पार्सल तैयार किए जा चुके है। राजस्थान में कुल पैतीस हजार गांवों में ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है।

लगभग आठ लाख साठ हजार से ज्यादा पट्टों का वितरण किया जा चुका है। बाईस सौ से अधिक ग्रामीण परिवारों को पट्टे दिए जा चुके है। अजमेर में इस योजना की शुरूआत अप्रेल 2022 में हुई थी। अजमेर में एक हजार 102 गांवों में सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। लगभग इकसठ हजार पट्टों का वितरण हो चुका है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अजमेर जिले के 6800 पट्टे वितरित करने की कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के पास पट्टा होने से उनकी जमीन का मालिकाना हक मिला है। ग्रामीण आत्मनिर्भर हुए है। उनका सशक्तिकरण हुआ है। इस योजना के बाद शहरों के समान ही ग्रामीणों को भी जमीन के अन्य वित्तीय लाभ मिल रहे है। भूमि संबंधी विवाद खत्म हो रहे है। अतिक्रमण की समस्या का भी समाधान हुआ है। जमीन का रिकॉर्ड दर्ज होने से ग्रामीणों को कानूनी सुविधा और लाभ मिल रहा है। गांवों में निवेश के अवसर बढ़े है। जमीन का नामान्तरण और बटवारे में आसानी हो रही है। गांवों में सरकारी और निजी भवन बनाने में सुविधा हो रही है। पंचायत राज विभाग, राजस्व विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सामूहिक प्रयासों से प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख पुखराज पहाड़िया, अध्यक्ष रमेश सोनी, प्रवीण जैन, जिला परिषद सदस्य महेन्द्र सिंह मझेवाल, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष हरिराम बाना, जिला कलक्टर लोक बन्धु, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व लाभार्थी उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की ओर आगे बढते हुए विकास के चहुमुंखी आयाम स्थापित कर रहा है - यादव

❐ स्वामित्व योजना का हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम
❐ जिले में अतिथियों ने 795 लाभार्थियों को को सौंपे स्वामित्व कार्ड

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** प्रताप ऑडिटोरियम में स्वामित्व योजनान्तर्गत कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यक्रम शनिवार को आयोजित हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से जुडकर एक दिन में देश के 50 हजार से अधिक गांवों में 65 लाख लाभार्थियों को पट्टे मय प्रोपर्टी पार्सल वितरण कर लाभार्थियों से संवाद किया। जिला स्तरीय कार्यक्र म में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव, जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा व गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित 795 लाभार्थियों को पट्टे मय प्रोपर्टी पार्सल के स्वामित्व कार्ड वितरित किए।

केंद्रीय मंत्री यादव ने स्वामित्व कार्ड लाभार्थियों को अपनी जमीन का मालिकाना हक मिलने की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की ओर आगे बढते हुए विकास के चहुमुंखी आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 को स्वामित्व योजना प्रारंभ की गई। इस योजना का उद्देश्य ड्रोन और जीआईएस तकनीक का उपयोग करके ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करना है। साथ ही कृषि भूमि का डिजीटाइजेशन का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना का ग्रामीण भारत पर भूमि प्रशासन को मजबूत करने, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और ग्रामीण सामुदायिक विकास को गति देने के माध्यम से परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है। इससे गांवों के अति पिछडे अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को अपनी जमीन का मालिकाना हक मिला है।





उन्होंने कहा कि इसने बैंक ऋण तक आसान पहुंच की सुविधा प्रदान की है, लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवादों को सुलझाया है और महिलाओं को उनके संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित करके सशक्त बनाया है, जो सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में एक मील का पत्थर है। स्वामित्व योजना समग्र सरकार के दृष्टिकोण का उदाहरण है। इसने न केवल संपत्ति मालिकों को सशक्त बनाया है, बल्कि ग्रामीण भारत में बेहतर बुनियादी ढांचा नियोजन, वित्तीय स्थिरता और सतत विकास को भी सक्षम बनाया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस योजना के तहत देश में कुल 3 लाख 46 हजार 187 गांवों को अधिसूचित किया गया है जिसमें से 3 लाख 17 हजार 715 गांवों में ड्रोन उड़ाने का काम पूरा हो गया है जो 92 प्रतिशत उपलब्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिले के चहुंमुखी विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधि को साथ लेकर निरन्तर सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजगढ में केंद्रीय विद्यालय खोलने, सरिस्का के विकास एवं विस्थापन समेत सभी विषयों पर विकास के कदम बढाए जा रहे हैं।

जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब व गांव को मजबूत करने के समावेशी कदम के तहत एक दिन में देशभर में एक साथ 65 लाख वंचित लोगों को प्रॉपर्टी कार्ड देने का अभूतपूर्व कार्य किया है। इस योजना के तहत सवा दो करोड से अधिक लोगों को पट्टे दिए गए हैं जो कि ऐतिहासिक कार्य है। उन्होंने कहा कि अपनी प्रॉपर्टी का मालिकाना हक मिलने से घर मजबूत होगा, घर मजबूत होने से गांव मजबूत होगा और गांव मजबूत होने से देश को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि अलवर में साढे 9 हजार से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड दिए जा चुके हैं। उन्होंने उम्मीद की कि जिला प्रशासन अपने लक्ष्यों को जल्दी अर्जित कर अपनी जमीन के मालिकाना हक से वंचित लोगों को उनका हक दिलाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि अलवर जिले के विकास को गति देने का सबके सहयोग से प्रयास रहेगा। साथ ही अलवर जिले के विभिन्न मुद्दों को जिला प्रशासन के माध्यम से सुलझाने का प्रयास रहेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामस्वरूप चौहान ने भी उक्त संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने उपस्थित आमजन को नशा मुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई।

**इन्हें सौंपे गए प्रॉपटी कार्ड :** जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पंचायत समिति राजगढ़ की ग्राम पंचायत मल्लाना के ग्राम सिटावट निवासी शिवदयाल, मुक्ता प्रसाद, रामबाबू, ग्राम पंचायत घेवर के ग्राम राजडोली निवासी छोटेलाल व शभूदयाल, पंचायत समिति मालाखेडा की ग्राम पंचायत चौमू के ग्राम पथरोडा निवासी सुभान खान, शिंगारी, फकरूदीन, अशनू खान, रमजान, गोरमल, वसमीना, जमशेद, वकील, लालचन्द को प्रॉपर्टी कार्ड सौंपे। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाणा, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, संजय नरूका, बन्नाराम मीणा, गोरधन सिंह सिसोदिया, ऋषिराज शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, अमरचंद फौजी, देशराज वर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, अधिकारीगण एवं योजना के लाभार्थी व आमजन मौजूद रहे।



## आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष राठौर एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिश्रा सुख दुख में हुए शामिल

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा दुःख-सुख में शामिल हुए। जिला प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया की धर्मेंद्र राठोड़ एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने खैरथल स्थित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मीडिया प्रभारी हीरेन जोशी की दादीजी के निधन पर खैरथल स्थित निवास पर जाकर दादीजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। उसके पश्चात धर्मेंद्र राठौड़ मौजपुर हाउस, अलवर पर पधारने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनका साफा व माला पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, विधायक दीपचंद खैरिया, गिरीश डाटा, प्रधान बी. पी. सुमन, प्रधाम विनोद कुमारी सांगवान, शिवचरण गुप्ता, रिपु दमन गुप्ता, विक्की चौधरी, नारायण छंगाणी, डॉ.पायल चौधरी, साजिद खान, प्रशांत राजा, डालचंद वर्मा, के के खंडेलवाल, विशाल बौद्ध, मनीष कोली, नवाब खान आदि मौजूद रहे।

## अलवर मास्टर एथलीट टीम ने किया विजेताओं का सम्मान

**खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है - पुष्पराज शर्मा**

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** 11-12 जनवरी को अजमेर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप एथलीट प्रतियोगिता में अलवर से विजेता रहे खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन की संरक्षक पूनम शर्मा ने बताया कि रेखा चौधरी, अशोक गुप्ता, प्रेम प्रकाश, गिरधारी लाल, शेला



अरोड़ा सभी ने अपने-अपने इवेंट में विभिन्न पदक जीते इसी उपलक्ष में संगठन के मुख्य पदाधिकारीयों ने खिलाड़ियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम फर्स्ट स्टेप स्कूल में आयोजित किया गया। संगठन के पदाधिकारी दिनेश भाटिया ने बताया कि यह संगठन पिछले 20 वर्षो से एथलीट प्रतियोगिताओं में सक्रिय रहा है एवं यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी विजेता रहे हैं अशोक गुप्ता ने बताया की खिलाड़ियों के सम्मान में नगद पुरस्कार वह साफा पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया एवं खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ ( भा म स ) के जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा ने की एवं उन्होंने बताया कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है जिसे आज के समय पर हमारे बच्चे मोबाइल एवम टेलीविजन के चक्कर में भूलते जा रहे हैं एवं शारीरिक रूप से मजबूत नहीं हो रहे हैं बच्चों को खेल के प्रति मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन जो जागरूकता फैला रहा है वह बहुत ही सराहनीय है।

## श्री चक्रधारी हनुमान मंदिर पर पौष बड़ा महोत्सव आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** श्री चक्रधारी हनुमान मंदिर बाला किला पर रविवार सुबह सवा 11 बजे से पौष बड़ा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि हनुमान जी महाराज को प्रातः राम नाम का चोला चढ़ाया जाएगा एवं मंदिर परिसर को फूल पत्तियों से सुशोभित किया जाएगा। सुंदरकांड पाठ के पश्चात हनुमान जी महाराज को पौष बड़े का भोग अर्पित कर सभी राम भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## रोटरी क्लब अलवर ने एसएनसीयू वार्ड में खिड़कियों के 34 पर्दे किए भेंट

जयपुर टाइम्स

**अलवर।(निस.)** रोटरी क्लब अलवर द्वारा राजकीय शिशु अस्पताल अलवर में ठंड से बचाव एवं गर्मी से बचाव हेतु खिड़कियों के लिए 34 पर्दे अस्पताल इंचार्ज डॉ सोमदत्त गुप्ता के साथ स्टाफ को रोटेरियन ने



सुपुर्द किये। रोटरी क्लब अलवर के अध्यक्ष दीपक कट्टा ने बताया कि रोटरी क्लब अलवर निरंतर ज़रूरतमंद की सेवा कार्य में लगा रहता है इसी क्रम में समय समय पर आवश्यकता अनुसार सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष के साथ क्लब सचिव मुकुंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष बी डी अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट नीलू जैन, सर्विस प्रोजेक्ट डायरेक्टर ऋषि मित्तल, कोऑर्डिनेटर वैशाली जसोरिया, क्लब की प्रथम महिला बबीता कट्टा,रोट. ममता खन्ना, रोट. विकास गुप्ता, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## डॉ दिनेश खराडी ने सम्भाला सीएमएचओ सिरोही का पदभार '

जयपुर टाइम्स



**उदयपुर(निस.)।** डॉ दिनेश खराडी ने सीएमएचओ सिरोही का पदभार ग्रहण किया । इससे पहले डॉ खराडी सीएमएचओ प्रतापगढ़ एवं सीएमएचओ उदयपुर के पद पर कार्य कर चुके है । सीएमएचओ उदयपुर के पद पर रहते हुए डॉ खराडी में कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य किया था जिसके लिए डॉ खराडी को जिला स्तर एव राज्य स्तर पर कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है । इसके साथ ही डॉ खराडी को कई सामाजिक संगठनों ने भी सम्मान से नवाज़ा था ।

## पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर्स का महाकुंभ की तैयारियां जोरों पर, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोरा का तैयारियों को लेकर अलवर दौर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3223 ई1 के सभी पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर्स का महाकुंभ आगामी शनिवार 22 फरवरी तथा 23 फरवरी रविवार को तीसरी केबिनेट मीटिंग सर्वोदय' भी राजस्थान के सिंहदार अलवर में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोरा के नेतृत्व में ही आयोजित होने जा रहा है।

जिसके चलते शनिवार को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोरा ने तैयारियों को लेकर अलवर दौरा किया। इससे पूर्व सर्वोदय' की तैयारियों को लेकर 5 जनवरी को रीजन 2 के पदाधिकारियों की मीटिंग का आयोजन हुआ। रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोरा ने ये दोनों जिम्मेदारी उन्हें दी है लायंस ऑफ अलवर की टीम (लायंस क्लब अलवर, लायंस क्लब अलवर सिटी, लायंस क्लब अलवर मत्स्य) दोनों ही कार्यक्रमों को बेहतर से बेहतरीन करने का प्रयास करेगी। जिसमे मुख्य भूमिका डिस्ट्रिक्ट के सबसे सीनियर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मानक चन्द



गुप्ता, पीडीजी एमजेएफ लायन इंजी.सुभाष जोशी ,पीडीजी एमजेएफ लायन शशि गोयल एवं एमजेएफ लायन डॉ. एस.सी.मित्तल की रहेगी। उन्होंने बताया कि मीटिंग में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोरा, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मानक चन्द गुप्ता, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुभाष जोशी, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर- लायन ओ.पी.मंगल, लायन अल्का मित्तल, रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, जोन चेयरपर्सन लायन दिलीप गोयल, लायन सी.पी.गुप्ता, लायन डॉ. मंजू अग्रवाल, लायन डॉ. हरीश गुप्ता, लायन घनश्याम गुप्ता, लायन सुरेश चन्द गुप्ता, लायन ओमप्रकाश खण्डेलवाल, लायन जी.एल.गुप्ता, लायन अनिल अग्रवाल, लायन गोविन्द गोयल इत्यादि ने भाग लिया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोरा एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एमजेएफ लायन ओ.पी.मंगल ने अलवर का आधिकारिक दौरा किया साथ ही पीडीजी कन्वेंशन एवं केबिनेट मीटिंग का स्थान देखकर तीनो क्लब्स के अधिकारियो की मीटिंग ली। साथ ही पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शशि गोयल के पति एवं लायंस क्लब अलवर मत्स्य के फाउंडर मेंबर के निधन पर उनके घर जाकर शोक व्यक्त किया।

## प्रकाश चंद्र शर्मा को मिला लाइफटाइम मरु रत्न पुरस्कार

**कपासन के उज्जवल दाधीच समेत 10 को मिला मरु रत्न**

जयपुर टाइम्स

**उदयपुर-जोधपुर,(निस.)** 18 जनवरी। मरु पर्यावरण संरक्षण एवं संस्थान (डेको) एवं महिला पी.जी. महाविद्यालय जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2024 का लाइफ टाइम मरु रत्न पुरस्कार करौली जिले के क्यारदा खुर्द निवासी वरिष्ठ पत्रकार व लेखक प्रकाशचन्द्र शर्मा को प्रदान किया गया। इसी प्रकार कपासन के उज्ज्वल दाधीच समेत राष्ट्र एवं प्रदेश की 10 अन्य विभूतियों को भी मरू रत्न से नवाजा गया। मरु पर्यावरण संरक्षण सस्थान (डेको) के अध्यक्ष अजोलामैन डॉ.एस.एल. हर्ष ने बताया कि शनिवार को जोधपुर के महिला पीजी स्थित महाविद्यालय स्थित एस.एन.जोधावत ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ एल एन हर्ष थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ एल एन हर्ष ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं जन




सहभागिता के द्वारा ही पर्यावरण को बचाया जा सकता हैं। कायक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर पी एम जोशी ने कहा डेको इस क्षेत्र में 1975 से निरंतर कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर के एन व्यास, प्रोफेसर अनिल व्यास एवं प्रोफेसर आर के व्यास ने भी अपने विचार प्रकट किये।

# अलवर सांसद खेल उत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेल से जोड़कर उन्हें आगे बढाना- केंद्रीय मंत्री यादव

**केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने किया अलवर सांसद खेल उत्सव के द्वितीय चरण का शुभारंभ**

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने शनिवार को अलवर सांसद खेल उत्सव के द्वितीय चरण की शुभारंभ कर राजऋषि कॉलेज अलवर एवं लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी व तिजारा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं खैरथल में जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया अभियान व फिट इंडिया अभियान के तहत अलवर की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिये अलवर सांसद खेल उत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में क्रिकेट प्रतियोगिता में जिले के युवाओं के साथ-साथ हर आयुवर्ग के व्यक्तियों ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से बढचढकर इसमें भाग लेकर इसे अभूतपूर्व खेल आयोजन बनाया जिसमें उम्मीद से भी बढकर 340 टीमों ने शिरकत की जिसमें 34 टीमें बेटियों की थी। उन्होंने प्रथम चरण के सफल आयोजन पर सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन खेलों के दूसरे चरण में खो-खो, रस्साकस्सी, लंबी कूद, गोला फेंक, दौड, कबड्डी, कुश्ती, बॉलीबॉल, बास्केटबाल आदि प्रतियोगिता का आयोजन



किया जा रहा है जिसकी शुरूआत आज हो गई है। इन खेलों में भी 17 हजार से अधिक खिलाडियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उन्होंने कहा कि इन खेलों का उद्देश्य खेल भावना को बढाने के साथ खेल इंस्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है। साथ ही ग्रामीण खेल स्तर को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूती प्रदान करते हैं।

**ई-लाइब्रेरी बनाने में करें सहयोग :**

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि युवा पीढी को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा एवं खेल बहुत ही महत्वपूर्ण है अतः इन दोनों विषयों पर युवाओं को बेहतरीन व्यवस्थाएं व अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में जिले में अब तक सांसद कोष से सरकारी स्कूलों में 54 ई-लाइब्रेरी बनाई जा चुकी है। साथ ही उन्होंने जिले के 75 सरकारी विद्यालयों में ई-लाइब्रेरी को विकसित करने का संकल्प लेते हुए कहा कि आयोजनों के दौरान जिले के नागरिक फूलमालाओं व साफे से स्वागत न कर इस राशि का उपयोग ई-लाइब्रेरी के निर्माण हेतु करें। उन्होंने कहा कि इन ई-लाइब्रेरियों को केंद्र सरकार योजना अटल टिकरिंग लैब से जोडा जाएगा।


**अलवर में होगी 9 को राष्ट्रीय स्तर की अलवर टाईगर मैराथन**

उन्होंने कहा कि अलवर जिले के पर्यटन को विश्व पटल पर लाने के उद्देश्य से यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल बाघ परियोजना सरिस्का के नाम पर अलवर टाईगर मैराथन' 9 फरवरी को आयोजित कराई जाएगी।

**प्रतियोगिताएं :** अलवर सांसद खेल उत्सव के द्वितीय चरण में 19 जनवरी को एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और रस्साकसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

एथलेटिक्स में 100 मीटर, 400 मीटर और 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अलवर ब्लॉक की सभी प्रतियोगिताएं राजऋषि कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित होंगी, जबकि बास्केटबॉल प्रतियोगिता गोपाल खन्ना स्कूल में होगी।

अलवर ग्रामीण ब्लॉक की सभी प्रतियोगिताएं एलआईटी कॉलेज चिकानी में आयोजित होंगी। रामगढ़ ब्लॉक की प्रतियोगिताएं पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलावड़ा में होंगी, केवल बास्केटबॉल प्रतियोगिता चिल्ड्रन एकेडमी में आयोजित होगी। राजगढ़ ब्लॉक की प्रतियोगिताएं प्रताप स्टेडियम राजगढ़ में आयोजित होंगी।



## जमवाय माता मंदिर के निर्माण के लिए 16 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी

### जीर्णोद्धार होने से पर्यटकों की संख्या में होगी बढ़ोतरी

जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़(निस.)** । राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 में परिवर्तित बजट में जमवाय माता मंदिर का जीर्णोद्धार करने व पर्यटन दृष्टि से विकसित करने की घोषणा की थी। पर्यटन विकास के लिए पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह ने 16 करोड़ 92 हजार की राशि स्वीकृत की है। जमवाय माता का मंदिर रामगढ़ बांध के पास स्थित है। जमवाय माता मंदिर में प्रतिवर्ष हजारों - लाखों श्रद्धालु दर्शन, जात जडूले व घरजोडे की जात देने आते हैं। मंदिर में काफी सुविधाओं का अभाव है।जमवाय माता मंदिर का जीर्णोद्धार होने से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। स्वीकृति जारी होने पर विधायक महेंद्रपाल मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया।

## नवीन थानाधिकारी नील ने किया कार्यभार ग्रहण

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा (निस.)** पुलिस महकमे में हुए तबादले के क्रम में राजस्थान सरकार के आदेशों के अनुरूप फुलेरा थाने में जमवारामगढ़ से नवपदस्थापित थानाधिकारी श्रवण कुमार नील का शनिवार को कई नागरिक संगठनों ने स्वागत अभिनंदन किया। तत्पश्चात पत्रकारों से रूबरू



होते हुए थानाधिकारी नील ने कहा की अपराध पर अंकुश लगाना मेरी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए मुझे जनता, समाज और आप सभी पत्रकारों के साथ और सहयोग की जरूरत है। हम सब सीएलजी मेंबर्स, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र और अन्य सभी संगठनों को साथ लेकर सगज और सक्रिय रहेंगे। क्षेत्र में आप किसी को भी कोई संदिग्ध नजर आए तो सक्रिय नागरिक की भांति पुलिस को सूचित करें, आस पास किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति हो रही है तो उसके बारे में पुलिस को तत्काल प्रभाव से अवगत करवाएं। राजस्थान पुलिस के ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय की भावना से कृत संकल्पित होकर में अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाउंगा। साथ ही थानाधिकारी श्रवण कुमार नील ने कहा की फुलेरा में सुखा नशा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिसकी वजह से कई परिवार और युवा पीढ़ी तबाह हो रहे है। थानाधिकारी ने कहा की एक विशेष टीम बनाकर ऐसे लोगो के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। अपराधियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

## मिशन कुटुंब कवचः समारोह में लाभार्थियों को वितरित की पीएम जीवन ज्योति और सुरक्षा बीमा पॉलिसी

जयपुर टाइम्स

**राजसमंद(निस.)**। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में प्रशासन का अभियान 'मिशन कुटुंब कवच' आखिरकार रंग लाया। सतत मॉनिटरिंग और समन्वय का नतीजा यह हुआ अभियान के तहत 75 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए और 55 हजार से अधिक पॉलिसी जारी की जा चुकी है। शेष लोगों को भी पॉलिसी जारी करने की कार्यवाही जारी है। ये वे लोग हैं जो पहले प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में पंजीकृत नहीं थे। लेकिन प्रशासन




के प्रयासों से इन लोगों के पास अब अपना सुरक्षा कवच है। इन सभी के पास अब 2 लाख रुपए का सुरक्षा और जीवन बीमा है। शनिवार को अभियान का समापन करते हुए राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, प्रधान अरविंद सिंह राठौड़, समाजसेवी मान सिंह बारहठ, समाजसेवी माधव जाट सहित जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, सीईओ बृजमोहन बैरवा एवं अन्य अतिथियों ने प्रशासन के 'मिशन कुटुंब कवच' के तहत लाभार्थियों को कवच स्वरूप पॉलिसी पत्र वितरित किए। लोगों ने भी प्रशासन की पहल को लेकर आभार जताया।

### कलक्टर ने लगाए शिविर, बढ़-चढ़ कर आगे आए लोगः

सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गंभीर जिले के कलक्टर असावा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति और सुरक्षा बीमा योजना में वंचित समस्त नागरिकों को जोड़ने हेतु 'मिशन कुटुंब कवच' अभियान शुरू किया था, जिसके तहत समस्त ग्राम पंचायतों और नगर निकायों में 27 दिसंबर, 3 जनवरी और 13 जनवरी को शिविर लगे। इसके अलावा अन्य दिनों में भी विभिन्न विभागों ने आवेदन लेने का कार्य किया। नतीजा यह हुआ कि इतने कम दिनों में ही 75 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए और 55 हजार से अधिक पॉलिसी जारी हुई। अभियान की नोडल प्रभारी जिला परिषद एसीईओ सुमन अजमेरा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अब तक 25,513 तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अब तक 30,343 पॉलिसी, कुल 55,856 पॉलिसी लाभार्थियों को जारी हो चुकी है।

**इस तरह बढ़ा कारवां**

कलक्टर के अभियान 'मिशन कुटुंब कवच' के तहत सभी नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों ने लोगों ने बढ़-चढ़ कर आवेदन दिए। जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने इसमें भरपूर सहयोग किया और अधिकाधिक आवेदन करवाए।

# स्वामित्व योजना का पट्टे/प्रोपर्टी पार्सल वितरण का जिला स्तरीय समारोह आयोजित

### ग्रामीणों को मिला उनके आवासों का मालिकाना हक

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निस.)**। स्वामित्व योजनान्तर्गत पट्टे मय प्रोपर्टी पार्सल वितरण का जिला स्तरीय समारोह शनिवार को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग झाबर सिंह खर्रा के मुख्य आतिथ्य में रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में हुआ।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना के तहत देशभर के ग्रामीण इलाकों के मेरे भाई-बहनों को उनकी जमीन का मालिकाना हक मिले, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगल क्लिक के माध्यम से स्वामित्व योजना के अंतर्गत देशभर के 50 हजार से अधिक गांवों के 65 लाख प्रॉपर्टी कार्डो का वितरण किया।

उन्होंने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर गरीब को उसके रहने के स्थान का स्वामित्व मिले। स्वामित्व योजना से हमारे देश के नागरिकों की आकांक्षाओं को पंख लग रहे है। उन्होंने कहा कि इस योजना से हमारे देश के ग्रामीण सशक्त होंगे जिससे सरकार का विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

जिला स्तरीय समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार गरीब एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के हितो को ध्यान में रखते हुए स्वामित्व योजना के माध्यम से लोगों को उनके रहने वाले आवासों का स्वामित्व प्रदान कर रही है जिससे उनके जीवन यापन का स्तर सुधरेगा। उन्होंने कहा कि सभी किसान भाई अपने आवासीय पट्टों पर सरकारी एवं निजी बैंकों





से ऋण लेकर अपनी आमदनी के स्त्रोतों में ईजाफा कर पायेंगे जिसस न सिर्फ उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि देश के विकास में भी योगदान मिलेगा। इस दौरान जिला स्तरीय समारोह में राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, नगर परिषद सभापति मेघा वर्मा ने स्वामित्व योजनान्यतर्गत लाभार्थियों को पट्टे मय प्रोपर्टी पार्सल का वितरण किया। इस दौरान प्रधान खण्डार नरेन्द्र चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर धारा सिंह मीणा, संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग पंकज मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, तहसीलदार सवाई माधोपुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि व लाभार्थी उपस्थित रहे।

## राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शिल्पग्राम का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निस.)**। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग झाबर सिंह खर्रा ने शनिवार को शिल्पग्राम का निरीक्षण कर राजीविका स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए उत्पादों की जानकारी ली। राज्यमंत्री खर्रा ने शिल्पग्राम का भ्रमण कर वहां राजीविका स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण कर उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिल्पग्राम बहुत ही बेहतरीन मंच है जहां पर स्थानीय दस्तकारों, शिल्पियों एवं कलाकारों को उनके हुनर प्रदर्शन का



अच्छा अवसर मिल सकता है।उन्होंने कहा कि रणथम्भौर टाईगर रिजर्व घूमने आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को यहां पर लाकर स्थानीय उत्पादों एवं कलाकारों के हुनर का जीवन्त प्रदर्शन दिखवाया जा सकता है जिससे स्थानीय कलाकारों एवं शिल्पियों के हुनर की ख्याति देश-विदेश में पहुंच सकती है। इस दौरान पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, नगर परिषद सभापति मेघा वर्मा, प्रधान खण्डार नरेन्द्र चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर धारा सिंह मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुमेरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी घोषित, कोषाध्यक्ष बने शंभुराम मीणा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस.)**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीज दर्द, विधानसभा क्षेत्र 121 सुमेरपुर 2023 कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नेपाल सिंह पावा की अनुशंषा पर सुमेरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी घोषित की गई। संगठन सचिव ललित तूनवाल ने घोषणा पत्र जारी किया। जिसमें संगठन महासचिव पद पर लक्ष्मण मेघवाल, उपाध्यक्ष मन्नाराम चौधरी, पुखराज घांची, सोहन गोमतीवाल, मांगीलाल राजपुरोहित, कस्तुराराम मीणा, गोविन्द सिंह सोनीगरा, गोपीलाल सरगरा, विनोद मेघवाल, गेरी देवी व भगवत सिंह राठौड़,

महासचिव ढलाराम सरगरा, चुन्नीलाल चौधरी, प्रवीण मीणा, सुरेश देवासी, कंचन परमार, रिछपाल सिंह, मोहम्मद फारूक, गुनराज, गजेन्द्रसिंह राणावत व अचलाराम मेघवाल, कोषाध्यक्ष शम्भूराम मीणा, सचिव किरण सिंह देवड़ा, चम्पालाल राजपुरोहित, डायाराम मीणा व भंवरलाल मेघवाल, नन्देश्वर जोशी, पूरणसिंह राठौड़, दौलत माधव, जसवंत मेघवाल, देवेन्द्र कंवर व टोयाराम डांगी, प्रवक्ता फूलाराम देवासी व सुरेन्द्र परमार, सोशल मीडिया प्रभारी विक्रम कुमावत व पदमसिंह देवड़ा एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सदाराम मेघवाल, ईदाराम, राजवीर सिंह, बगदाराम मेघवाल, मांगीलाल चौधरी, मुकेश आदीवाल, फकीराराम भील, घीसूलाल मेघवाल, हिम्मता राम मीणा, आबिद खाँ सिलावट, अंशुमान सिंह राणावत, रजिया बानो, पुखराज मीणा, भबूत सिंह व नीतू मीणा को मनोनीत किया। पूर्व प्रत्याशी मेवाड़ा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी व बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी घोषित होने से क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबुती मिलेगी। जिसका लाभ आने वाले चुनावों में मिलेगा।

## 4 दिन के बाद भी पुलिस के हाथ खाली.. चोरी की घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

### ग्रामीणों ने 3 दिन में खुलासा करने की मांग ..धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस.)**। कस्बे के निकटवर्ती बागावास अहिरान में ग्रामीणों ने शनिवार को चोरी की घटना का 4 दिन बाद भी खुलासा नहीं होने पर आक्रोश प्रकट किया।बता दें मकर संक्रांति की रात्रि को चोरों के द्वारा बागावास अहिरान में पांच जगह चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसको लेकर ग्रामीणों ने जल्द मामले में खुलासे की मांग की है । इस दौरान मौके पर जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल संदीप मय जाब्ते घटना स्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का नक्शा तैयार किया।इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर प्रसाद यादव, पूर्व सरपंच रमेश चंद्र यादव,पूर्व सरपंच बनवारी लाल बुनकर,पूर्व सरपंच भागीरथमल यादव सहित आनेको ग्रामीण जन मौके पर मौजूद रहे।जहां ग्रामीणों ने पुलिस विभाग से जल्द मामले में खुलासे की मांग की है।

इस दौरान करीब 4 घंटे तक ग्रामीणों ने घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। इसके बाद भाबरू थाने के नवनियुक्त थाना अधिकारी जयप्रकाश मय जाब्ते घटना स्थल पर पहुंचे और मौका देखकर ग्रामीणों से भी घटना की जानकारी ली। वही ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल में थाना अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर जल्द मामले में खुलासा करने की मांग की है। इस दौरान पीड़ित



महेश सोनी, दिलीप सोनी,गीता देवी, दिलशेर खान, गिरधारी सिंह ,मुनीराम खटीक, मुनीराम खटीक, पांचूराम कुम्हार, राजेश गर्ग,मामराज मीणा,ओमप्रकाश जोशी,योगेंद्र सिंह,लियाकत खान,कालूराम शेखावत, महावीर सिंह सहित आनेको लोग मौजूद रहे।

**क्या था मामला**

भाबरू थाना अंतर्गत बागावास अहिरान में मंगलवार की रात्रि को चोरों ने एक साथ 5 जगह चोरी की घटना को अंजाम दिया था।इस दौरान पीड़ित महेश सोनी, गिरधारी सिंह शेखावत, दिलशेर खान,गीता देवी,दिलीप सोनी ने चोरी की घटना का थाने में मामला दर्ज करवाया।बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देते हुए करीब 19 लाख 32 हजार रुपए के जेवरात सहित नगदी बाइक चुरा ले गए चोर,वहीं सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची जहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी तस्वीरें

**इनका कहना है**

थानाधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि मामले को लेकर विशेष टीमों का गठन किया गया है मौका स्थल देखा गया है जल्द मामले में खुलासा किया जाएगा।

## शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 17 वे दिन भी अनवरत जारी

### जिला समाप्त करने के विरोध में 10 वे दिन क्रमिक अनशन धरने पर स्टांप वेंडर संगठन एवं प्रलेख लेखक सदस्य बैठे

जयपुर टाइम्स

**शाहपुरा(निस.)**। शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय के बाहर 10 वे दिन स्टांप वेंडर संगठन एवं प्रलेख लेखक शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमक अनशन धरना दिया। संघर्ष समिति के कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा, संयोजक राम प्रसाद चौधरी की अगुवाई मे स्टांप वेंडर संगठन शाहपुरा के अध्यक्ष भगवान सिंह यादव, राजेंद्र पाराशर, सुनील शर्मा, अविनाश शर्मा तथा प्रलेख लेखक रवि शंकर उपाध्याय मूलचंद पेसवानी, रमेश चंद्र मालू, विनोद पाराशर, दिनेश बंटी शर्मा,सुनील गुणाकार राजेश शर्मा एवं मुंशी अभय गुर्जर नरेश कोली ओमप्रकाश कमलेश गाडरी राहुल कुमावत महेंद्र रामलाल खारोल,सुरेश बेरवा,महेंद्र बेरवा, नारायण भील सहित सदस्यों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया।

**मानव श्रृंखला बना त्रिमूर्ति चौराहे से रैली निकाल धरना स्थल पर पहुंचे**

स्टांप वेंडर संगठन एवं प्रलेख लेखक तथा मुंशी आसपास के कई गांवो से त्रिमूर्ति चौराहा पहुंच कर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया। उसके बाद त्रिमूर्ति चौराहे से उपखंड कार्यालय तक रैली निकाल कर नारेबाजी कर धरना स्थल पर पहुंचे और शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और



शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की। इस मौके पर शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य रामेश्वर सोलंकी, पीसीसी सदस्य संदीप जीनगर,उदयलाल बैरवा,महावीर बैरवा,हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा, अभिभाषक संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।28 तारीख को जन आक्रोश रैली में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के अपील की । 19 जनवरी को क्रमिक अनशन धरना पर प्रॉपर्टी व्यावसायिक संघ शाहपुरा के अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा एवं संरक्षक पूर्व शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप खटीक के नेतृत्व में सभी सदस्य आसपास के गांव से महलों के चौक में एकत्रित होकर राजस्थानी संस्कृतिक और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ रैली निकालते हुए महलों के चौक से सदर बाजार होकर त्रिमूर्ति चौराहे पर प्रदर्शन कर धरना स्थल पर पहुंचेंगे और धरने पर बैठेंगे तथा राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी शाहपुरा को ज्ञापन सौंपेंगे।

## दिव्य ज्योत रथ यात्रा का जयपुर में भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस.)**। श्री ढाढण शक्ति प्रचार मंडल जयपुर द्वारा आयोजित दिव्य ज्योत रथ यात्रा का आज जयपुर में भव्य स्वागत किया गया। यह रथ दुर्गा मंदिर, अंबाबाड़ी में सुबह 10:00 बजे पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने फूलों और जयकारों के साथ इसका स्वागत किया। इसके बाद सुबह 10:30 बजे रथ ने विशाल शोभायात्रा के साथ विद्याधर नगर, सेक्टर-2 स्थित उत्सव स्थल का रुख किया।

उत्सव स्थल पर शाम 4:00 बजे से रात 9:00 बजे तक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें भक्तगण दिव्य ज्योत के सानिध्य में भजनों का आनंद ले रहे हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राजकुमार बजाज और प्रदीप बजाज ने बताया कि दादीजी का यह रथ भारत के विभिन्न राज्यों की यात्रा करते हुए जयपुर पहुंचा है। जयपुर के कार्यक्रम के पश्चात यह रथ ढाढण धाम (फतेहपुर, सीकर) के लिए रवाना होगा। ढाढणधाम में 26 जनवरी 2025 को दिव्य ज्योत के सानिध्य में विशाल भजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के सुप्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा और पवित्र अवसर होगा।

## संपादकीय .....

# मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा

आम आदमी पार्टी तो अपना रिपोर्ट कार्ड पेश नहीं करेगी, सोचा हम ही आपको उनके काम बता दें दिल्ली विधानसभा चुनावों को एक बार फिर जीतने के लिए आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मर्यादा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा।

आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया। जिस विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था उसको आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया। दिल्ली विधानसभा को किस तरह आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच बना कर रखा इसे आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे पांच साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। पांच साल में 1825 दिन होते हैं मगर इनमें से काम हुआ मात्र 74 दिन। हम आपको बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पांच साल में मात्र 14 विधेयक पारित किये। यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। साथ ही दिल्ली के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 2025 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसत 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासन में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही हुई वह औसतन मात्र तीन घंटे तक चली। इसके अलावा विधानसभा के 74 कार्य दिवसों में से मात्र नौ दिन ही प्रश्नकाल हुआ।

यही नहीं, आम आदमी पार्टी की सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं किया ताकि जब चाहें विधानसभा की बैठक बुला सकें और वहां से राजनीतिक बयानबाजी कर सकें। दरअसल विधानसभा का सत्रावसान होने पर सत्र को दोबारा आहूत करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति चाहिए होती है और उन्हें सदन की बैठक बुलाने का कारण भी बताना होता है। आम आदमी पार्टी को लगता था कि यदि उपराज्यपाल ने बैठक बुलाने की अनुमति नहीं दी तो कैसे अपने राजनीतिक हित सधेंगे इसलिए वह कभी सत्रावसान करते ही नहीं थे। यही नहीं, विधानसभा में सीएजी की जो रिपोर्टें प्रस्तुत की जानी थीं वह भी नहीं की गयीं।जहां तक आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से बांटी जाने वाली मुफ्त रेवड़ियों की बात है तो उसकी सच्चाई यह है कि जनता को जितना दिया नहीं गया उतना हर योजना में घोटाला हो गया है।

# युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी



यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है।

इस्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं।

निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो विश्व समुदाय, शक्तिशाली राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते की शर्तों को साफ नियत एवं नीति से क्रियान्वित किया जाये। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति एवं अमनचैन की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरुआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे।

युद्ध के आघात से युद्धरत देशों के साथ समूची दुनिया प्रभावित हुई है। युद्ध के आघात से तात्पर्य युद्ध के दौरान होने वाली दर्दनाक घटनाओं के परिणामस्वरूप व्यक्तियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक संकट और शारीरिक-भावनात्मक पीड़ा से है, जैसे कि हिंसा का शिकार होना, दूसरों को नुकसान पहुंचाना, या संघर्ष के कारण प्रियजनों को खोना। युद्ध सामाजिक विश्वास को तोड़ता है, सामाजिक सामंजस्य को कम करता है और सामाजिक एवं राष्ट्रीय पूंजी को नुकसान पहुंचाता है। सशस्त्र संघर्ष के बाद, समाज उपसमूहों में गहराई से विभाजित हो जाता है जो युद्ध विराम के समझौते के बावजूद बाद के दौर में एक दूसरे से डरते हैं और नफरत करते हैं और लड़ाई जारी रखने के लिए तैयार रहते हैं। युद्ध के आघात से पीड़ित लोगों में अक्सर दूसरे पक्ष के साथ मेल-मिलाप करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने की इच्छा कम हो जाती है। कमजोर नागरिक समाज और कम सरकारी क्षमताएं लोगों को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ बना सकती हैं और राज्य के बिगाड़ने वालों या राजनीतिक विरोधियों द्वारा आसानी से हेरफेर किया जा सकता है। यह स्थिति अक्सर हिंसा के निरंतर चक्रों के लिए मंच तैयार करती है।

हालांकि, अक्तूबर, 2023 में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी भी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है।

अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्राइल प्रतिशोध लेगा, लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। हालांकि, कुछ इस्राइली बंधक रिहा किए गए, कुछ युद्ध के बीच मारे गए, लेकिन बचे बंधकों की रिहाई का भारी दबाव नेतन्याहू सरकार पर लगातार बना रहा। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। हालांकि, इस बात को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि इस समझौते से फिलस्तीनी संकट का स्थायी समाधान हो सकेगा। इस युद्ध मसले का हल कूटनीति और आपसी बातचीत से ही निकालने के प्रयास किये जाने की आवश्यकता भारत लगातार व्यक्त करता रहा है। युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते हुए दोनों ही देशों को दिशा-दर्शन देते रहे हैं। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन में भी युद्ध-विराम की अपेक्षा है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए।

**- ललित गर्ग**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

## समसामयिक

# न सुशासन, न रोजगार, सिर्फ फ्रीबीज की बौछार





राजनीतिक दलों के द्वारा चुनावों के समय मतदाताओं के लिए एक से बढ़कर एक फ्रीबीज की जो बौछारें हो रही हैं, वह वोटर्स को %रिश्वत% नहीं तो और क्या है, इसे समझना जरूरी है! वहीं, जिन राजनीतिक दलों ने अपने चुनावी वायदों के अनुपालन में कोताही बरती, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होनी चाहिए, यह भी स्पष्ट नहीं है! इसलिए वायदे करो और फिर मुकर जाओ या फिर आधे-अधूरे पूरे करो, कोई पूछने वाला नहीं है! तभी तो राजनीतिक दलों की बल्ले-बल्ले है। चूंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का शोर मचा हुआ है, इसलिए इस फ्रीबीज की चर्चा पुनः आवश्यक है, ताकि मतदाता जागरूक हो सकें।

कहने को तो दिल्ली को छोटा हिन्दुस्तान और दिल वालों का शहर कहा जाता है, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में यहां जितनी राजनीतिक दिलग्गी हुई, वह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। चाहे केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एनडीए हो या फिर राज्य में सत्तारूढ़ आप और इंडिया गठबंधन, जिससे कभी आप जुड़ती है तो कभी %तलाक% ले लेती है! और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस जो अपने नेतृत्व वाले गठबंधन या फिर अपने द्वारा समर्थित गठबंधन का अपनी सुविधा के अनुसार %गला मरोड़ने% में माहिर समझी जाती है, ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में राजनीतिक किंतु-परन्तु की सारी हदें पार कर चुकी हैं।

चूंकि इन राजनीतिक दलों ने खुद के लिए कोई आदर्श राजनीतिक नियम और उसके निमित्त बाध्यकारी कानून नहीं बनाकर रखे हैं, या फिर नाममात्र का बनाए हुए हैं, जिसकी व्याख्या ये लोग अपने मनमुताबिक कर लेते हैं, इसलिए इनकी सारी राजनीतिक हरकतें जायज समझी जाती हैं। वहीं, इनको तोहफा या सजा बस जीत-हार के माध्यम से जनता जनार्दन ही देती आई है। यहां भी वह मतदाता दलित-महादलित, पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा, सवर्ण-गरीब सवर्ण, आदिवासी-अल्पसंख्यक, महिला-पुरूष, युवा-बुजुर्ग, किसान-मजदूर, कामगार या पूंजीपति आदि इतने खानों में विभाजित है कि उनकी फूट डालो और शासन करो की नीति अक्सर सफल होती आई है।

शायद इसलिए जनता, सरकार और सुशासन के मुद्दे गौण पड़ जाते हैं और फ्रीबीज की चर्चा घर-घर पहुंचकर चुनावी खेल कर देती है। ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि सुशासन से लेकर रोजगार के मोर्चे पर विफल हो चुकीं जनतांत्रिक सरकारों के द्वारा जिस तरह से फ्रीबीज की घोषणाएं की जा रही हैं, क्या यह देश की आर्थिक व्यवस्था यानी अर्थव्यवस्था के लिहाज से उचित है या फिर अनुचित है? यदि अनुचित है तो इससे बचने का रास्ता क्या है?

देखा जाए तो कबीलाई युग से लोकतांत्रिक सरकार तक मनुष्य की पहली जरूरत शांति और सुरक्षा है, ताकि वह मेहनत करते हुए अपना जीवन निर्वाह कर सके और इस देश-दुनिया को बेहतर बनाने में अपने हिस्से का योगदान दे सके। हालांकि, ऐसे सुशासन की गारंटी न तो तब मिली थी और न अब मिली हुई है। शासक-प्रशासक बेहतर हो तो क्षणिक सुख-शांति संभव है, अन्यथा जलालत ही मानवीय सच है।

याद दिला दें कि एक जमाने में जो राजनीतिक दल शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट में कटौती दर कटौती करते चले गए कि राजकोषीय घाटा को पाटना है! और अब उन्हीं के द्वारा जब फ्रीबीज की वकालत हो रही है तो इस सियासी तिकड़म को समझना भी दिलचस्प है। चाहे संसदीय चुनाव हो या विधान मंडलीय चुनाव, या फिर स्थानीय चुनाव, होने तो 5 साल में ही हैं। इसलिए जैसे तैसे चुनावी वायदे करके सरकार बना लो, इसी घुड़दौड़ में सभी राजनीतिक दल जूटे हुए हैं।

अब लोगों की दिलचस्पी न तो आजादी के तराने सुनने में है, न ही हिंदुत्व की माला जपने में। समाजवाद से लेकर वामपंथ तक अपने ही राजनीतिक हमाम में नंगे हो चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस विरोधी %सम्पूर्ण क्रांति% की सफलता-विफलता के लगभग चार दशक बाद हुई दूसरी कांग्रेस विरोधी %अन्ना हजारे क्रांति% की सफलता से उपजी आम आदमी पार्टी ने जो फ्रीबीज की सियासी लत लगाई और दिल्ली से पंजाब तक कांग्रेस-भाजपा का सफाया कर दी, उससे दोनों पार्टियों ने शुरुआती आलोचनाओं के बाद आप के सियासी एजेंडे को ही अपनाने में सफलता पाई। हिमाचल प्रदेश से कर्नाटक तक कांग्रेस की विजय और हरियाणा से उड़ीसा तक भाजपा की जीत इसी बात की साक्षी है।

यही वजह है कि भाजपा नीत एनडीए, आप नीत संभावित तीसरा मोर्चा और कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में एक-दूसरे को मात देने के लिए अपने-अपने फ्रीबीज के सियासी घोड़े खोल रखे हैं। वह भी तब, जब करदाताओं की ओर से इसकी खुलेआम आलोचना हो रही है। वहीं, आपने देखा-सुना होगा कि केंद्र सरकार की अटपटी नीतियों पर सर्वोच्च न्यायालय तक ने टिप्पणी की, कि आखिर 80 करोड़ लोगों को आप कबतक मुफ्त या फिर कम कीमत पर अनाज देंगे। ऐसे में उन्हें आप रोजगार क्यों नहीं दे देते! कोर्ट की यह टिप्पणी जायज है और प्रशासन यदि चाहे तो उसके लिए यह मुश्किल भी नहीं है।

वहीं, आम आदमी पार्टी ने अनुमन्य यूनिट तक फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री और किफायती शिक्षा व स्वास्थ्य, महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा, लक्षित वर्गों को अलग-अलग नगद आर्थिक मदद आदि जैसी जो चुनावी-प्रशासनिक रवायतें शुरू की है, और अब उन्हीं की देखा-देखी कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों में भी इस नीतिगत मुद्दे पर आपाधापी मची हुई है, यह नीति एक नए आर्थिक और अर्थव्यवस्था के संकट को जन्म दे सकती है। इसलिए इसको हतोत्साहित करने के लिए मतदाताओं को ही आगे आना होगा, अन्यथा यह नीति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक कैंसर साबित होंगे। डॉलर के मुकाबले गिरते रुपये भी तो इसी बात की चुगली करते हैं।

आपने देखा-सुना होगा कि सरकार ने उद्योगपतियों के इतने के कर्जे माफ कर दिए, या फिर इतनी की सब्सिडी इन-इन धंधों/पेशों में दी जा रहीं हैं।


**- कमलेश पाण्डेय**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

कहने को तो दिल्ली को छोटा हिन्दुस्तान और दिल वालों का शहर कहा जाता है, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में यहां जितनी राजनीतिक दिलग्गी हुई, वह बात किसी से छुपी हुई नहीं है। चाहे केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी और एनडीए हो या फिर राज्य में सत्तारूढ़ आप और इंडिया गठबंधन, जिससे कभी आप जुड़ती है तो कभी %तलाक% ले लेती है! और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस जो अपने नेतृत्व वाले गठबंधन या फिर अपने द्वारा समर्थित गठबंधन का अपनी सुविधा के अनुसार %गला मरोड़ने% में माहिर समझी जाती है, ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में राजनीतिक किंतु-परन्तु की सारी हदें पार कर चुकी हैं।

## शख्सियत

# सिनेमा के ही नहीं राजनीति के भी शहंशाह थे एनटी रामा राव, 3 बार बने थे CM



फेमस फिल्म मेकर, एक्टर और पूर्व सीएम एनटी रामा राव का 18 जनवरी को निधन हो गया था। एनटी रामा राव को सिनेमा जगत का मसीहा भी कहा जाता था। उन्होंने न सिर्फ एंटरटेनमेंट जगत में अहम योगदान दिया था, बल्कि उनके राजनीतिक और सामाजिक कार्य भी सराहनीय हैं। इनके नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दर्ज है। ऐसे में आइए जानते हैं एनटी रामा राव के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

कर्नाटक में 28 मई 1923 को एनटी रामा राव का जन्म हुआ था। वह किसान परिवार से ताल्लुक रखते थे। लेकिन गरीब परिवार में जन्मे रामा राव ने एक बड़ी विरासत खड़ी कर दी थी। एनटी रामा राव ने सिर्फ रील लाइफ ही नहीं बल्कि रियल लाइफ में भी ऐसे काम किए, जिसके आम लोग उनके बड़े फैन थे। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी थी। लेकिन जब उन्होंने राजनीति में एंट्री की, तो वहां पर भी मिसाल कायम की।

**फिल्मी करियर**

एनटी रामा राव ने करीब 300 से ज्यादा फिल्मों में बतौर अभिनेता काम किया था। इसके लिए उनको तीन बार नेशनल अवॉर्ड भी जीता था। एनटी रामा राव ने नंदी अवॉर्ड से लेकर फिल्मफेयर जैसे बड़े अवॉर्ड अपने नाम किए थे। एनटी रामा राव इतने ज्यादा पॉपुलर थे कि लोग उनको देवता मानते थे। जिसका फायदा उनको राजनीतिक करियर में भी मिला। फिल्मों की तरह ही उनकी राजनीति भी पॉपुलर रही।

**राजनीतिक सफर**

एनटी रामा राव ने साल 1982 में राजनीति में आने का फैसला किया था। एनटी रामा राव वह शख्स थे, जिन्होंने रथ यात्रा का प्रचलन शुरू किया था। उन्होंने 9 महीनों में 40 हजार किमी से ज्यादा यात्रा की थी। इस दौरान वह तरह-तरह के लोगों से मिले और उनकी परेशानी को जाना। इस तरह से एनटी रामा राव का नाम %गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स% में दर्ज हुआ। बता दें कि देश की बड़ी राजनीतिक पार्टी में से एक तेलुगु देशम पार्टी को बनाने वाले एनटी रामा राव ही थे। एनटी रामा राव ने साल 1982 में इसकी स्थापना की थी। जब से राज्य की स्थापना हुई थी, तबसे इस राज्य को कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। लेकिन एनटी रामा राव के नेतृत्व में उन्होंने कांग्रेस की छवि को कमजोर कर दिया था। वह साल 1983 से लेकर 1994 तक तीन बार राज्य के सीएम रहे थे।



## मौनी रॉय ने की सलाकार की शूटिंग पूरी

अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट सलाकार की शूटिंग अभिनेत्री मौनी रॉय ने सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। फिल्म के रैप-अप के मौके पर, मौनी ने केक काटकर कास्ट और क्रू के साथ इस यात्रा का जश्न मनाया। यह कार्यक्रम फिल्म की टीम के बीच की दोस्ती और सहयोग को दर्शाता है। यह फिल्म मौनी के करियर में एक अहम पड़ाव है, जिसमें वह एक चुनौतीपूर्ण और परिवर्तनकारी भूमिका निभा रही हैं। मौनी रॉय ने इस प्रोजेक्ट में अपना दिल और आत्मा झोंक दी है। उनके लिए सलाकार सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि उनके करियर का एक निर्णायक क्षण है। इस फिल्म में उनकी भूमिका न केवल उनके अभिनय कौशल को प्रदर्शित करती है, बल्कि उन्हें कहानी कहने के नए आयामों को तलाशने का भी अवसर देती है। मौनी ने इस प्रोजेक्ट को एक समृद्ध और परिवर्तनकारी अनुभव बताया, और उनके प्रशंसक अब उनकी इस पावर-पैक परफॉर्मेंस को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सलाकार को मौनी ने एक ऐसी फिल्म बताया है, जो दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ने का प्रयास करती है। इस प्रोजेक्ट में उनका प्रदर्शन उनके फैंस को एक नया अनुभव देने का वादा करता है, और मौनी का यह नया अवतार निश्चित रूप से उनके करियर में मील का पत्थर साबित होगा। अपने अभिनय करियर के साथ-साथ, मौनी रॉय का एंटरप्रेन्योर वेंचर बदमाश भी सफलता की कहानी लिख रहा है। यह रेस्तरां श्रृंखला बॉलीवुड-थीम्ड सजावट और प्रामाणिक भारतीय व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है। बदमाश की सफलता मौनी की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करती है, और यह दिखाती है कि वह सिर्फ एक अदाकारा ही नहीं, बल्कि एक स्मार्ट बिजनेसवुमन भी हैं।

## तलाक का फैसला सोच-समझकर लिया गया कदम: किरण राव

हाल ही में फिल्म निर्माता किरण राव ने तलाक के बाद एक्टर आमिर खान से रिश्ते के बारे में विस्तार से बात की और इस फैसले पर अपनी सोच साझा की। किरण ने कहा कि तलाक का फैसला एक सोच-समझकर लिया गया कदम था और उन्होंने इसे किसी तात्कालिक विवाद या झगड़े के कारण नहीं लिया। उन्होंने खुलासा किया कि आमिर और वह कभी बड़े विवादों में नहीं उलझे, बल्कि उनके बीच कुछ छोटे मतभेद थे, जो कभी भी 12 घंटे से ज्यादा नहीं चले। वह कहती हैं, हम दोनों उस स्थिति में पहुंच गए थे, जहां हमें यह फैसला लेना पड़ा। हमने शादी को बचाने के लिए बहुत कोशिश की, लेकिन जब हमने तलाक लिया तो यह सोच-समझकर लिया।



किरण ने यह भी बताया कि तलाक के बावजूद, आमिर की मां अभी भी उनकी सास हैं और उनके बच्चे जुनैद और ईरा के साथ उनके अच्छे रिश्ते हैं। उनके अनुसार, तलाक के बाद भी दोनों परिवारों के बीच प्यार और सम्मान का कोई अभाव नहीं है। किरण का कहना है, हमने कभी नहीं सोचा कि अपने बच्चे को अकेला छोड़ देंगे। हम चाहते थे कि आज़ाद के जीवन में कोई कमी न आए। किरण ने तलाक के बाद अपनी भावनाओं और रिश्ते को बहुत ही निपुणता से संभाला है। उन्होंने आमिर को हमेशा अपना अच्छा दोस्त और शिक्षक बताया और कहा कि वह हमेशा उनके साथ रहेंगे, चाहे कुछ भी हो। हालांकि, किरण ने यह भी स्वीकार किया कि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आमिर उन्हें गुस्सा दिलाते हैं, लेकिन वह यह मानती हैं कि किसी भी रिश्ते में यह स्वाभाविक है। किरण और आमिर के तलाक के बावजूद, उनके बच्चों और परिवार के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं, और दोनों ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान और समझ बनाए रखी है। उनकी यह सोच रिश्तों को न केवल संभालने की, बल्कि उन्हें विकसित करने की भी है। बता दें कि राव और आमिर खान ने 2021 में अपने तलाक की घोषणा की थी, जो फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक चौंकाने वाली खबर थी। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को अच्छे दोस्त के तौर पर बनाए रखा है और अपने बेटे आज़ाद की परवरिश मिलकर की है। दोनों को अक्सर एक साथ इवेंट्स में देखा जाता है और उनकी बॉन्डिंग दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन चुकी है।




# दोस्तों.. आज का दिन बहुत खास था: मनीषा कोइराला

नेपाल के पहाड़ों में अभिनेत्री मनीषा कोइराला हाइकिंग (पैदल चलना) पर गईं। इंस्टाग्राम पर मनीषा कोइराला ने अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह नेपाल के घंडुक इलाके में पैदल चलती नजर आ रही थीं।

अपने पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा, दोस्तों.. आज का दिन बहुत खास था। घंडुक में सबसे अविश्वसनीय संडे बिताया! अन्नपूर्णा रेंज आश्चर्यजनक है! गांव के चारों ओर एक छोटी सी हाइक की, सुंदर ट्रेल्स की खोज की और शानदार दृश्य का आनंद लिया। साथ ही उन्होंने घंडुक संग्रहालय का दौरा किया और गुरुंग लोगों के इतिहास और संस्कृति के बारे में जानकारी ली। अभिनेत्री ने आगे लिखा, जैसे-जैसे दिन ढलने लगा, मैंने हिमालय पर सूर्यास्त देखा और इस अविस्मरणीय अनुभव के लिए आभारी महसूस कर रही हूं! गुरुंग समुदाय को धन्यवाद, जिन्होंने इस जगह को साफ रखा। यदि आपको कभी घंडुक जाने का मौका मिले, तो जरूर जाएं!मनीषा ने एक कार्यक्रम में भी भाग लिया, जहां उन्होंने माइक संभाला और स्थानीय उद्यमियों की सराहना की। उन्होंने कहा, कल एक प्रेरणादायक दिन था! मैंने स्थानीय उद्यमियों की प्रदर्शनी में भाग लिया, जिन्होंने हस्तनिर्मित उत्पादों को बढ़ावा दिय। ये समुदाय पारंपरिक प्रथाओं को संरक्षित करने और टिकाऊ स्थानीय प्रथाओं को समर्थन देने में समर्पित हैं।

मनीषा ने आगे बताया, बुधनिलकांठा के युवा और गतिशील डिप्टी मेयर से मिलकर इस अनुभव को और भी खास बना दिया। उन्होंने स्थानीय वस्तुओं को बढ़ावा देने के महत्व के बारे में बात की, जो मुझे बहुत प्रेरणादायक लगा।इससे पहले, मनीषा ने नेपाल की स्थानीय संस्कृति, भोजन और शिल्प कौशल की भी सराहना की। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर नेपाल यात्रा की और वहां के पारंपरिक हस्तनिर्मित उत्पादों और स्थानीय भोजन की तस्वीरें साझा कीं।



## सान्या मल्होत्रा ने म्यूजिक वीडियो 'आंख' से मचा दिया तहलका

एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने ट्रेंडिंग म्यूजिक वीडियो 'आंख' से तहलका मचा दिया है। हाल ही में सान्या ने अपने इंस्टाग्राम पर इस गाने की शूटिंग और रिहर्सल की झलकियां साझा कीं, जिसमें उनका उत्साह और परफेक्शन के लिए समर्पण साफ नजर आ रहा है।

सुनिधि चौहान की दमदार आवाज और रुशा व ब्लिज़ा के सहयोग से बने इस वीडियो ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। गाने में सान्या के डांस मूव्स और उनकी ऊर्जा की प्रशंसा हर तरफ हो रही है। उनके प्रदर्शन को देखकर कुछ प्रशंसकों ने इसकी तुलना शकीरा और बियोंसे के मशहूर म्यूजिक वीडियो ब्यूटीफुल लायर से भी की। 'आंख' का म्यूजिक वीडियो यूट्यूब के ग्लोबल डेली म्यूजिक वीडियो टॉप चार्ट्स में अपनी जगह बना चुका है, जो इसकी लोकप्रियता का स्पष्ट प्रमाण है। सान्या ने अपने डांस और अभिनय से इस गाने को खास बना दिया है, जिसे दर्शक बार-बार देखना पसंद कर रहे हैं। सान्या मल्होत्रा की यह सफलता सिर्फ म्यूजिक वीडियो तक ही सीमित नहीं है। वह जल्द ही अपनी वेब सीरीज 'मिसेज़' में नजर आएंगी, जो ज़ी5 पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके अलावा, धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'संस्कारी की तुलसी कुमारी' में भी सान्या एक दिलचस्प किरदार निभाने वाली हैं। उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में अनुराग कश्यप और बॉबी देओल के साथ एक और महत्वपूर्ण फिल्म शामिल है, जिसने पहले से ही दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। सान्या मल्होत्रा ने हमेशा अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया है। चाहे उनकी फिल्में हों या म्यूजिक वीडियो, वह हर बार अपने किरदारों में पूरी तरह डूबकर अभिनय करती हैं। 'आंख' की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि सान्या न केवल फिल्मों में बल्कि म्यूजिक वीडियोज में भी अपनी खास छाप छोड़ने में कामयाब रही हैं। फैंस अब सान्या को उनकी आगामी वेब सीरीज और फिल्मों में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर सान्या ने बॉलीवुड में एक खास मुकाम हासिल किया है।

## 30 साल बाद नए अंदाज में रिलीज होगी फिल्म बाशा




फिल्म बाशा को रिलीज हुए 30 साल हो चुके हैं। सुपरस्टार रजनीकांत की इस आइकॉनिक फिल्म को नए अंदाज में बड़े पर्दे पर दोबारा रिलीज किया जाएगा। यह रिलीज सत्या मूवीज की 60वीं वर्षगांठ और रजनीकांत के फिल्मी करियर के 50 शानदार साल पूरे होने का भी जश्न है। निर्माता फिल्म को डॉल्बी एटमॉस सराउंड साउंड और 4के रेजोल्यूशन के साथ पेश करेंगे, जो दर्शकों को बिल्कुल नई रिलीज फिल्म का अनुभव देगा। बाशा के इस वर्जन को सत्या मूवीज के बैनर तले आरएम वीरप्पन के बेटे थंगराज वीरप्पन रिलीज करेंगे। सुरेश कृष्ण द्वारा निर्देशित और आरएम वीरप्पन द्वारा निर्मित यह फिल्म 1995 में रिलीज हुई थी और भारतीय सिनेमा में एक्शन फिल्मों की नई शैली की शुरुआत मानी जाती है। यह फिल्म 15 महीने तक सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चली, जो इसे रजनीकांत के करियर की सबसे बड़ी हिट्स में से एक बनाती है। बाशा एक गैंगस्टर की कहानी है, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। रजनीकांत का प्रसिद्ध डायलॉग, नान ओरु थडावा सोन्ना, नूरु थडावा सोन्ना मथिरी (मैं जो एक बार कहता हूं, वह 100 बार कहने जैसा है), आज भी फैंस के बीच उतना ही लोकप्रिय है। यह डायलॉग रील्स और मीम्स की दुनिया में धूम मचा रहा है। फिल्म में रजनीकांत और नगमा के अलावा, रघुवरन, चरणराज, आनंदराज, जनागराज, विजयकुमार, और युवरानी जैसे कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया है। फिल्म के निर्माताओं ने अभी तक नई रिलीज की तारीख की घोषणा नहीं की है, लेकिन यह खबर पहले से ही फैंस के बीच उत्साह बढ़ा रही है। बाशा की दोबारा रिलीज न केवल रजनीकांत के प्रशंसकों के लिए, बल्कि भारतीय सिनेमा के लिए भी एक ऐतिहासिक पल होगा।



## रेडियो नशा ने मनाया ऋतिक के इंडस्ट्री में 25 वर्ष पूरे होने का जश्न

हाल ही में रेडियो नशा ने बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के इंडस्ट्री में 25 शानदार वर्षों का भव्य जश्न मनाया। यह इवेंट न केवल फैंस के लिए एक अनोखा अनुभव साबित हुआ, बल्कि ऋतिक के लिए भी एक भावुक यात्रा बन गया, जहां उन्होंने अपने करियर की शुरुआत और व्यक्तिगत विकास के बारे में दिलचस्प किस्से साझा किए। इस कार्यक्रम में ऋतिक की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म कहो ना... प्यार है की फैन स्क्रीनिंग भी शामिल थी। स्क्रीनिंग के दौरान ऋतिक ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया, मैं कभी किसी फिल्म के लिए तैयार नहीं था। जब पापा ने पहली बार कहो ना... प्यार है के बारे में बात की, तो हमने शाहरुख खान, सलमान खान या आमिर खान जैसे सुपरस्टार्स को कास्ट करने की चर्चा की थी। मैंने पापा से कहा कि वे पहले ही ऐसी भूमिकाएं कर चुके हैं। तभी अचानक, पापा ने मेरी पीठ थपथपाई और कहा, चार महीने में तैयार हो जाओ। इस तरह मेरी यात्रा शुरू हुई। इस दौरान ऋतिक ने यह भी बताया कि कैसे समय के साथ उनके दृष्टिकोण में बदलाव आया। उन्होंने कहा, अच्छा दिखने और मजबूत होने के बीच बहुत फर्क है। अब, मेरा ध्यान सिर्फ शारीरिक रूप से नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनने पर है। नशा प्रीमियर नाइट्स में ऋतिक की इस प्रतिष्ठित फिल्म को बड़े पर्दे पर दोबारा देखने का मौका फैंस के लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। कहो ना... प्यार है ने न केवल ऋतिक को सुपरस्टारडम दिलाया, बल्कि भारतीय सिनेमा में एक स्थायी छाप छोड़ी। फिल्म ने अपने रिलीज के समय नई पीढ़ी के दर्शकों को लुभाया था, और आज भी यह फैंस के दिलों में खास स्थान रखती है। इस विशेष स्क्रीनिंग ने ऋतिक के करियर की शुरुआत से लेकर अब तक के सफर को यादगार बना दिया। फैंस ने न सिर्फ फिल्म को फिर से देखा, बल्कि ऋतिक की परफॉर्मेंस और उनके साथ जुड़ी भावनात्मक गहराई को भी महसूस किया। 25 साल पहले कहो ना... प्यार है के साथ इंडस्ट्री में कदम रखने वाले ऋतिक रोशन आज भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में गिने जाते हैं। उनकी फिल्मों ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया है, बल्कि दर्शकों के दिलों में भी खास जगह बनाई है।

# सलमान ने बजरंगी भाईजान में एक भूमिका की पेशकश की थी: कंगना रनौत



हाल ही में अभिनेत्री कंगना रनौत ने बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के साथ अपने रिश्ते और काम करने की संभावनाओं पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि भले ही अब तक दोनों ने साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह भविष्य में इस अवसर को लेकर काफी उत्साहित हैं। कंगना ने इंटरव्यू में बताया, सलमान मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे पास कई बार साथ काम करने के मौके आए, लेकिन किसी न किसी कारणवश ऐसा नहीं हो पाया। मुझे उम्मीद है कि जल्दी ही हम दोनों किसी प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। कंगना ने यह भी खुलासा किया कि सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म बजरंगी भाईजान में एक भूमिका की पेशकश की थी। हालांकि, उन्होंने उस रोल को ठुकरा दिया। कंगना ने मुस्कुराते हुए कहा, जब उन्होंने मुझे रोल ऑफर किया तो मैंने हैरान होकर पूछा, यह क्या रोल दिया है? इसके बाद उन्होंने सुल्तान के लिए भी संपर्क किया, लेकिन मैंने वह भी मना कर दिया। कंगना ने बताया कि सलमान इस बात पर हंसते हुए उनसे मजाक में कहते थे, अब तुम्हें और क्या ऑफर करूं? हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सलमान ने कभी इसे नकारात्मक रूप से नहीं लिया और हमेशा उनके साथ अच्छा व्यवहार किया। कंगना ने यह भी बताया कि सलमान उनकी फिल्म इमरजेंसी को देखने के लिए काफी उत्साहित हैं और उन्होंने इसकी कहानी और कंगना के प्रयासों की सराहना की है। इमरजेंसी 1975 से 1977 के बीच की उस अवधि की कहानी है जब देश में आपातकाल लागू किया गया था। इस ऐतिहासिक फिल्म के लिए कंगना ने गहन शोध किया है और इसे अपनी सबसे चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक बताया है।कंगना का मानना है कि यह फिल्म न केवल उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय सिनेमा के लिए भी एक खास स्थान रखेगी। सलमान और कंगना के बीच दोस्ती के इस किस्से से यह साफ है कि दोनों कलाकार एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखते हैं। प्रशंसकों को उम्मीद है कि जल्द ही इन दोनों सितारों को किसी बड़े प्रोजेक्ट में साथ देखने का मौका मिलेगा। बता दें कि अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं और इसका निर्देशन भी उन्होंने खुद किया है।

## भागवत कथा का शुभारंभ



**जयपुर टाइम्स**

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के वार्ड नंबर 35 नवलगढ़ रोड पर भाटी कॉलोनी में वार्ड वासियो के सहयोग से भागवत कथा का आयोजन किया गया है। भागवत कथा का आयोजन 23 जनवरी तक किया जाएगा। कथा का वाचन भागवताचार्य कथावाचक मदनलाल शर्मा के मुखारविंद से किया जाएगा। कथा आयोजन के प्रथम दिवस मुख्य यजमान मुरारीलाल भाटी व उनकी धर्मपत्नी सुनीता देवी की ओर से व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया गया।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार सोनी का आकस्मिक निधन

**जयपुर टाइम्स**

**बीदासर(निस)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार सोनी के आकस्मिक निधन पर कस्बे में शौक की लहर छा गई। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह सोनी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। सोनी भाजपा के मंडल अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष के पद पर रह चुके थे। सोनी के निधन पर प्रधान संतोष मेघवाल, पालिकाध्यक्ष सीताराम भोभरिया, मंडल अध्यक्ष अरुण तिवारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष हुक्मीचंद गुसाईवाल, खालिद बल्खी, जवाहर सिंह राठौड़, राजेश सोनी आदि ने संवेदना व्यक्त की।

## स्वामित्व योजना के अन्तर्गत पट्टे, प्रोपर्टी पार्सल वितरण



**जयपुर टाइम्स**

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं जिले के लाभार्थियों को राज्य मंत्री विजय सिंह ने स्वामित्व कार्ड वितरित किए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से पट्टे वितरित कर लाभार्थियों को सम्बोधित किया। राजस्व, उपनिवेशन व सैनिक कल्याण विभाग के राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, एडीएम अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र शर्मा, जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी, एसीईओ रामनिवास चौधरी, बनवारी लाल सैनी, प्यारेलाल ढुकिया, कमलकांत शर्मा महेंद्र चंदवा सहित सैकड़ो की संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। झुंझुनू जिले के 602 गांव का मैप 2 के तहत यह सर्वे किया गया। जिले में अब तक 72,306 स्वामित्व कार्ड तैयार हो गए हैं। अब तक जिले में 28761 स्वामित्व कार्ड लाभार्थियों को वितरित किए गए। 18 जनवरी को जिले में 5275 स्वामित्व कार्ड जारी किए गए। वहीं जिला स्तरीय कार्यक्रम में 200 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से स्वामित्व कार्ड भेंट किए गए।

## नवागंतुक सब-इंस्पेक्टर सैनी ने छात्रावास का किया अवलोकन



**जयपुर टाइम्स**

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पुलिस सब-इंस्पेक्टर सुनीता सैनी ने शनिवार को निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास का अवलोकन किया और छात्रावास में संचालित लाइब्रेरी की व्यवस्था की सराहना की। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति की ओर से गुलदस्ता व प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। पुलिस सब-इंस्पेक्टर सैनी शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास की विजिट कर अवलोकन किया तथा छात्रावास की योजना व गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर समिति के संरक्षक अनिल बागड़ी, अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया व संयोजक सज्जन कुमार बबेरवाल के नेतृत्व में समिति की ओर से गुलदस्ता व छात्रावास का दुपट्टा व प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर छात्रावास निर्माण समिति के संरक्षक महेश बागड़ी, घीसाराम गौड़, महेंद्र चुनवाल, विनोद गौड़, मनोज राकसिया, सुरेंद्र सांखला सेठों की कोठी, महावीर जाजम, विकास गौड़, संदीप सांखला, कन्हैयालाल गौड़ , राजेश राजू गौड़ आदि मौजूद रहे।

## महिला टीचर पर पति ने फेंका एसिड, हाथ-पैर बांध कमरे में किया बंद, 70 प्रतिशत झुलसी

**कोटा**

राजस्थान के कोटा में एक महिला टीचर के साथ उसके पति द्वारा क्रूरता का मामला सामने आया ह।पति ने थर्ड ग्रेड टीचर महिला पर एसिड फेंका और कमरे में बंद करके फरार हो गया ह।जानकारी मिलने पर पड़ोसियों ने दरवाजा खोला और उसे झुलसी हालत में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उधर एसिड हमले के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया ह।

## कॉलेज छात्रा ने बच्ची को दिया जन्म, परिवार ने अपनाने से किया इनकार

**जयपुर टाइम्स**



**चूरू(निस)।** दिल्ली पुलिस की तैयारी कर रही जिले की एक 18 वर्षीय छात्रा ने एक बच्ची को जन्म दिया। प्रसव के बाद मां और उसके परिवार ने नवजात को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। अस्पताल प्रभारी की सूचना पर मौके पर पहुंची चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम ने मामले की जानकारी जुटाई। जिला समन्वयक पन्नेसिंह के अनुसार, शुक्रवार सुबह उन्हें हेल्प लाइन पोर्टल पर सूचना मिली। परिवार की ओर से बच्ची को अपनाने से इनकार करने के बाद, टीम उसे चूरू के सरकारी मातृ व शिशु अस्पताल ले गई। वहां एफबीएनसी वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील शर्मा की देखरेख में उपचार चल रहा है। 2.73 किलोग्राम वजन की नवजात बच्ची फिलहाल स्वस्थ है। शनिवार को उसकी रक्त संबंधी और अन्य जांचें की जाएंगी। डॉक्टरों के अनुसार, बच्ची के पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से शिशु गृह भेजा जाएगा।

## मूक बधीर बच्चों को कराया भोजन




**जयपुर टाइम्स**

**चूरू(निस)।** चूरू पंचायत समिति के पूर्व उप प्रधान प्यारेलाल ढ़ाका की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित मधुर स्पेशल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के मूक बधीर बच्चों को ढ़ाका के परिजनों ने भोजन करवाया। इस दौरान परिजनों ने बच्चों को जूते वितरित किए। इस अवसर पर संस्था प्रधान अंजू नेहरा ने कहा कि इन मूक बधीर करने से बड़ा कोई का कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ढ़ाका को यही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर लच्छू सिंह ढ़ाका, करणी सिंह ढ़ाका, राजेश ढ़ाका, सुनील ढ़ाका सहित परिवार के अन्य सदस्य और विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

## खाटूश्यामजी सदर थाना शुरू, कैलाशचंद्र ने संभाला पदभार

**जयपुर टाइम्स**

**खाटूश्यामजी(निस)।** सरकार की बजट घोषणा के तहत खाटूश्यामजी में नए सदर थाने की स्थापना की गई है। नवनियुक्त थानाधिकारी कैलाशचंद्र ने पदभार ग्रहण कर लिया है। फिलहाल, अलोदा में बनने वाले थाने का सेटअप तैयार होने में लगभग एक सप्ताह का समय लगेगा। इस दौरान थानाधिकारी खाटूश्यामजी पुलिस थाने के स्वागत कक्ष में कार्य करेंगे। हेड कांस्टेबल हरिसिंह ने बताया कि थानाधिकारी कैलाशचंद्र ने अलोदा में बनने वाले थाने का निरीक्षण किया और संबंधित जानकारी ली।



इस मौके पर रोहिताश्व, मोहनलाल सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। नए सदर थाने का क्षेत्राधिकार 36 गांवों में विस्तारित किया गया है। इनमें अखैपुरा, लामियां, शिव कृष्ण नगर, धींगपुर, चैनपुरा, मदनी, गोवर्धनपुरा, मंढ़ा, अलोदा, सांवलपुरा, सामेर, भगवानपुरा, अमरपुरा, डूकिया, गणेशपुरा, माजीपुरा, चक-माजीपुरा, समर्थपुरा, बगड़ियों का बास, खातीवास, गोवटी, तुलसीरामपुरा, कैरपुरा-चारणवास, चक-लढ़ाना, बाय, आदर्श नगर, मगनपुरा, जालुंड, नाडा चारणवास, लिखमाकाबास, बुच्यासी, सांवतकाबास, चारणवास नाडा, कैलाश, प्रेम नगर खारियावास, और चक कैलाश शामिल हैं। दिन-प्रतिदिन बढ़ती भीड़ और वीआईपी मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए खाटूश्यामजी पुलिस थाने को कोतवाली और सदर थाने में विभाजित किया गया है। अलोदा ग्राम में स्थापित हो रहे सदर थाने के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। इस नई व्यवस्था से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

## अवैध मादक पदार्थ सहित 2 तस्कर गिरफ्तार, आरोपियों को नाकाबंदी कर पकड़ा

**अजमेर**

अजमेर की श्रीनगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सहित 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 975 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपियों के कब्जे से एक स्वीट डिजायर को भी जब्त किया गया है। दोनों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण एडिशनल एसपी दीपक शर्मा ने बताया- अजमेर एसपी वंदिता राणा के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ की अपराधों की रोकथाम के लिए कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत श्रीनगर थाना पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी में एक स्विफ्ट कार को रुकवा कर तलाशी ली गई

## आम सूचना

हम बाबूलाल पुत्र मो. इसाक एवं इन्द्रा बानो पत्नी बाबूलाल जाति छींपा, निवासी टाक रोड़, नया बास सुजानगढ़, जिला चूरू राजस्थान के निवासी हैं। जो कि हम सर्वसाधारण को सूचित करते हैं कि हमारा पुत्र अकरम छींपा पिछले एक वर्ष से हमारे कहने सुनने में नहीं है और इसको काफी बार समझाया जा चुका है। फिर भी इसका व्यवहार संतोषजनक नहीं है। अतः हम हमारे पुत्र अकरम छींपा को अपनी समस्त चल-अचल सम्पतियों से बेदखल करते हैं। ये समस्त सम्पतियां हमारे स्वयं की अर्जित हैं और हमारे पास कोई पैतृक सम्पतियां नहीं हैं। आज से हमारे पुत्र अकरम छींपा के प्रति हमारा कोई उतरदायित्व नहीं होगा। वो अपने उतरदायित्व के प्रति स्वयं जिम्मेदार होगा। अकरम छींपा अपनी पत्नी साजिया बानो के साथ हमारे से अलग रहेगा तथा इनका रहन-सहन, खान-पान, खर्च व्यवहार स्वयं की जिम्मेदारी से करेगा। किसी भी प्रकार के लेन-देन मुकदमा, व्यवहार के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हम या हमारे परिवारजन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। हमने इसको बेदखल कर दिया है। दिनांक 17 जनवरी 2025

## विधायक सहारण ने किया ओवरब्रिज निर्माण कार्य का भूमि पूजन

**जयपुर टाइम्स**

**चूरू(निस)।** अग्रसेन नगर फाटक के पास ओवर ब्रिज व अण्डरब्रिज निर्माण कार्य का भूमि पूजन शनिवार को विधायक हरलाल सहारण ने पूजा-अर्चना कर किया। पंड़ितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार ने विकास की गंगा बहा दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो सिर्फ लूटने का काम किया है। राज्य में भाजपा की सरकार ने एक वर्ष में विकास कार्यों को प्राथमिकता से किया है। राज्य में गांव और शहर में विकास कार्य को करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा सरकार ने आते ही युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। भाजपा सरकार ने विभिन्न योजनाओं से महिलाओं व किसानों को लाभान्वित किया है। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, विमला



गढवाल, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, धर्मेन्द्र राकसिया, मोहनलाल गढ़वाल, गजानंद गौड़, कपिल रक्षक व ब्रिज निर्माण कंपनी प्रबंधक सुधेन्द्र रूप राव सहित अनेक उपस्थित रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर

**प.स. सुजानगढ़ (चुरू)**

क्रमांक- ग्रा.प./ सा./2025/36 दिनांक- 13.01.2025

### आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सत्यनारायण पुत्र छगनलाल जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 01 पट्टा जारी दिनांक 28/11/1989 पट्टा धारी का नाम श्री आसुराम पुत्र बोईथाराम जाति प्रजापत निवासी सालासर के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है ।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 01 पट्टा जारी दिनांक 28/11/1989 पट्टा धारी का नाम श्री आसुराम पुत्र बोईथाराम जाति प्रजापत निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है पट्टाधारी द्वारा उक्त पट्टे शुदा भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा आवेदनकर्ता श्री सत्यनारायण पुत्र छगनलाल जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू के पक्ष में विक्रय किया गया

2. आवासीय सम्पत्ति का क्षेत्रफल- 500.55 वर्गगज (4505 वर्ग फूट ) है

3 सम्पति के पडौसान- (क) पूर्व- रामेश्वरलाल प्रजापत (ख) पशिचम- सालासर रतनगढ़ रोड (ग) उत्तर- जवाहरलाल पुजारी (घ) दक्षिण- मकानात- गीतादेवी सराफ

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपत्ति हो तो दिनांक 14.02.2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे । समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नही किया जायेगा

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर

**प.स. सुजानगढ़ (चुरू)**

क्रमांक- ग्रा.प./ सा./2024/ दिनांक- 13.01.2025

### आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विधाधर ढाका दत्तक पुत्र पेफाराम जाति जाट निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. B-5 पट्टा जारी दिनांक 15/02/1997 पट्टा धारी का नाम श्री विधाधर ढाका दत्तक पुत्र पेफाराम जाति जाट निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. B-5 पट्टा जारी दिनांक 15/02/1997 पट्टा धारी का नाम श्री विधाधर ढाका दत्तक पुत्र पेफाराम जाति जाट निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है ।

2. आवासीय सम्पत्ति का क्षेत्रफल- 1108.55 वर्ग गज (99776" वर्ग फीट) है

3 सम्पति के पड़ौसान- (क) पूर्व- पट्टा भूमि जगदीश प्रसाद पुत्र पेमाराम (ख) पशिचम- मकानात सीताराम व वासुदेव पुत्र शिवदत्त राय पुजारी व आम रास्ता (ग) उत्तर- आम रास्ता (घ) दक्षिण- भूमि भगवानाराम पुत्र देवाराम ।

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपत्ति हो तो दिनांक 14.02.2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नही किया जायेगा

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर

**प.स. सुजानगढ़ (चुरू)**

क्रमांक- ग्रा.प./ सा./2025/37 दिनांक- 13.01.2025

### आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ओमप्रकाश पुत्र बृजमोहन पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 20 पट्टा जारी दिनांक 30/04/2004 पट्टा धारी का नाम श्री ओमप्रकाश पुत्र बृजमोहन पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर ओमप्रकाश पुत्र बृजमोहन पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है। आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है ।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 20 पट्टा जारी दिनांक 30/04/2004 पट्टा धारी का नाम श्री ओमप्रकाश पुत्र बृजमोहन पुजारी जाति ब्राह्मण निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है ।

2. आवासीय सम्पत्ति का क्षेत्रफल- 1064.33 वर्ग गज (9578.95 वर्ग फीट) है

3 सम्पति के पडौसान- (क) पूर्व- मकानात मकानात दामोदर पुत्र डेडराज पुजारी (ख) पशिचम- मकानात तारुराम पुत्र मन्नाराम जाट (ग) उत्तर- आम रास्ता व मॅकानात दामोदर पुत्र डेडराज पुजारी (घ) दक्षिण- मकानात तारुराम पुत्र मन्नाराम जाट

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपत्ति हो तो दिनांक 14.02.2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे । समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नही किया जायेगा

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**

# शिक्षक संघ राष्ट्रीय का ऐतिहासिक प्रदेश सम्मेलन सांवलिया जी में संपन्न

## शिक्षक ही राष्ट्र के नीति निर्माता और पथ प्रदर्शक- गौतम दक

जयपुर टाइम्स

**चोमू(निसं.)** शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश सम्मेलन में आज द्वितीय दिवस पर प्रातः 8.45 बजे प्रदेश कार्यकारिणी का बैठक सत्र सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। सभी संभागों से पधारे प्रदेश कार्य कार्यकारिणी सदस्यों, जिला अध्यक्ष जिला मंत्री, जिला महिला मंत्री का परिचय हुआ। सत्र में माननीय श्री महेंद्र कपूर जी राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, रमेश चंद्र पुष्करणा, अध्यक्ष ,शिक्षक संघ राष्ट्रीय घनश्याम जी प्रदेश संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान , राज नारायण शर्मा ,संरक्षक, शिक्षक संघ राष्ट्रीय , संपत सिंह सभाध्यक्ष,महेंद्र जी लखारा महामंत्री शिक्षक संघ राष्ट्रीय की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा ने जयपुर में अगस्त माह में हुई प्रदेश कार्यकारिणी की गत बैठक में लिए गए निर्णयों ..वर्ष पर्यन्त चलने वाले श्रद्धेय जयदेव जी पाठक एवं राजमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म जयंती कार्यक्रमों , हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ कार्यक्रम ,कर्तव्य बोध दिवस प्रत्येक उप शाखा में मनाया जाने की समीक्षा की एवं उनसे संबंधित अभी तक की समस्त जानकारी सभी जिलाध्यक्ष जिला मंत्री से ली गई। प्रदेश महामंत्री ने बताया कि हम समाज के अभिन्न अंग है समाज के लोगों, अभिभावकों ,छात्रों के माध्यम से



समाज में वर्तमान में चल रहे ज्वलंत विषयों की जानकारी लेने हेतु उपशाखा स्तर पर टोली का निर्माण करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने बताया की शिक्षक संघ राष्ट्रीय 225000 से अधिक सदस्यता वाला देश का सबसे बड़ा संगठन है उन्होंने संगठन की सदस्यता के साथ-साथ गुणात्मकता पर भी जोर दिया ।उन्होंने बताया की प्रदेश सम्मेलन का कार्यक्रम शिक्षक संघ राष्ट्रीय के यूट्यूब चैनल पर 20000 से अधिक लोगों ने देखा एवं 27000 लोगों ने ट्विटर के माध्यम से अपना समर्थन दिया। उन्होंने शिक्षक संघ राष्ट्रीय के एप का निरंतर प्रयोग बढ़ाने पर जोर दिया । उन्होंने कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण, उनकी चिंताएं ,तथा संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षात्मक जानकारी ली। शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम जी ने सांवरिया सेठ में हुए इस ऐतिहासिक सम्मेलन के लिए प्रदेश कार्यकारिणी, जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री को बहुत-बहुत शुभकामनाएं अभिनंदन किया। उन्होंने पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व की धारणा ,नागरिक अनुशासन और इसके साथ साथ सामाजिक अध्ययन और विमर्श के विषयों को प्रभावी रूप से कार्यान्वित करने के लिए उपशाखा स्तर पर ठोस कार्य योजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने संगठन के कार्य विस्तार दृढ़ीकरण, कार्यकर्ता निर्माण एवं विकास के लिए निरंतर प्रवास करने पर बल दिया। शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर समारोह सत्र का प्रारंभ मां सरस्वती और मां भारती के चित्रों के समक्ष माल्यार्पण एवं सरस्वती एवं सरस्वती वंदना से हुआ।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता के लिए आगे आए युवा

जयपुर टाइम्स




**सवाई माधोपुर(निसं.)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र संगठन और एनएसएस से जुड़े माय भारत वॉलिंटियर्स ने आज रणथंभौर सर्किल, हम्मीर ब्रिज व बजरिया में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत ट्रैफिक पुलिस के मार्गनिर्देशन में यातायात नियमो के लिए आमजन को जागरूक किया। ट्रैफिक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल मीठालाल मीना ने स्वयंसेवकों के यातायात के नियम, नशा मुक्ति के उपाय व साइबर क्राइम जैसे तात्कालिक समस्याओं पर भी स्वयंसेवकों का ध्यान आकर्षित किया। ये सभी स्वयंसेवक 17 जनवरी से 23 जनवरी तक व्यस्ततम यातायात के बिंदु जो कि निम्न अनुसार है रणथंभौर सर्किल, हम्मीर ब्रिज चौकी व रेलवे स्टेशन पर यातायात पुलिस के साथ मिल कर वाहन चालकों व आमजन को यातायात नियमो की जानकारी देगे। सभी स्वयंसेवकों को नेहरू युवा केंद्र के द्वारा टीशर्ट और केप देकर सम्मानित किया गया। 23 जनवरी को सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन पर सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में पवन कुमार जी (सेक्रेटरी, बास्केटबॉल) नेहरू युवा केंद्र के गजेंद्र मीणा, रजत भारद्वाज, अनिल महावर, नरेंद्र प्रजापति, गौरव वर्मा राजेश गुर्जर, मानसिंह गुर्जर सहित 25 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया।


# कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर

**प.स. सुजानगढ़ (चुरू)**

क्रमांक- ग्रा.प./ सा./2025/ दिनांक- 13.01.2025

## आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति गीता देवी ढाका पत्नी श्री चुन्नीलाल जाति जाट निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. A-16 पट्टा जारी दिनांक 18/01/1997 पट्टा धारी का नाम श्रीमति गीता देवी ढाका पत्नी श्री चुन्नीलाल जाति जाट निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है ।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. A-16 पट्टा जारी दिनांक 18/01/1997 पट्टा धारी का नाम श्रीमति गीता देवी ढाका पत्नी श्री चुन्नीलाल जाति जाट निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है

2. आवासीय सम्पत्ति का क्षेत्रफल- 955.88 वर्ग गज (8602'6" वर्ग फीट) है

3 सम्पति के पडौसान- (क) पूर्व- मकानात नेमीचंद पुत्र खँगाराम ढाका (ख) पश्चिम- आम रास्ता (ग) उत्तर- चुन्नीलाल पुत्र भीवाराम ढाका (घ) दक्षिण- मकानात मुली देवी पत्नी रत्नलाल ढाका

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपत्ति हो तो दिनांक 14-02-2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नही किया जायेगा

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**


# राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का अधिवेशन झुंझुनू में संपन्न, शिक्षा, शिक्षार्थी व शिक्षक विषयों पर हुआ मंथन

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निसं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन झुंझुनू की जेपी जानू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित हुआ ने की । दो दिवसीय अधिवेशन में शिक्षा,शिक्षार्थी व शिक्षक विषयों पर मंथन हुआ, नई शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा की गयी जिलाध्यक्ष हनुमान सहाय खटीक ने बताया की संगठन पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से माँग की सरकारी विद्यालयों में प्रवेश की कक्षा एक में प्रवेश की न्यूनतम आयु 6 वर्ष की बाध्यता समाप्त की जावे तथा सभी सरकारी विद्यालयों में बाल वाटिका शुरू करने की माँग की, सरकार से पारदर्शी स्थानांतरण नीति के साथ तृतीय श्रेणी सहित सभी संवर्गो के तबादले करने व सभी संवर्गो नियमित पदौन्नति करने की माँग की गयी संगठन ने कुक कम हेल्परों को समय पर वेतन देने व पंचायत सहायको के स्थायीकरण करने का मुद्दा भी उठाया संरक्षक सियाराम शर्मा ने कहा की संस्कारवान शिक्षा देना शिक्षक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है और इस कर्तव्य को बखूबी निभाना है उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर शिक्षकों संबंधित समस्याओं



का निस्तारण करने का भरोसा दिलाया । वक्ताओं ने बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने के लिए शिक्षकों से संवाद किया गया एवं बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की पहल की अधिवेशन के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी के संपन्न हुए चुनावों में भीलवाड़ा के वीरेंद्र शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, करौली के रामदयाल मीणा कार्यकारी अध्यक्ष, झुंझुनू के उम्मेद सिंह डूड़ी मुख्य महामंत्री,जयपुर के नवीन शर्मा महामंत्री,प्रवक्ता मुकेश कुमार तथा चौमूं निवासी मुकेश मीणा हाटवाल प्रदेशाध्यक्ष न्यायाधिकरण प्रकोष्ठ, अमित योगी संस्कृत शिक्षा महामंत्री चुने गए प्रदेश अधिवेशन में चौमूं उपशाखा से संरक्षक जंगबहादुर सिंह,उपशाखा अध्यक्ष सुरेश चौधरी,उपशाखा मंत्री विनोद गोरासरा,कोषाध्यक्ष परमानंद बुनकर,अर्जुन लाल यादव,सुरेश गुप्ता,राजेंद्र सैनी,धर्मेंद्र नावरिया, अनिल मीणा, हँसराज कुमावत,रामचंद्र निर्वाण,राजेंद्र सैनी,अशोक मीणा,राकेश कुमार खटीक, रामेश्वर कुमावत, भगवान सहाय, महेश मोरदिया,हजारी लाल मीणा, सांवर मल सेरावत, रमेश नायक, प्रभु जाट,बनवारी लाल बुनकर, बजरंग लाल योगी सहित पदाधिकारी शामिल हुए


# कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर

**प.स. सुजानगढ़ (चुरू)**

क्रमांक- ग्रा.प./ सा./2025/28 दिनांक- 13.01.2025

## आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिव भगवान, रामलाल, मोहनलाल एवं भगवाना राम जांगिड पुत्र बुधाराम जांगिड जाति जांगिड निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. A-20 पट्टा जारी दिनांक 27.01.1957 पट्टा धारी का नाम श्री शिव भगवान, रामलाल, मोहनलाल एवं भगवाना राम जांगिड पुत्र बुधाराम जांगिड जाति जांगिड निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है ।

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. A-20 पट्टा जारी दिनांक 27/011997 पट्टा धारी का नाम श्री शिव भगवान, रामलाल, मोहनलाल एवं भगवाना राम जांगिड पुत्र बुधाराम जांगिड जाति जांगिड निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है ।

2. आवासीय सम्पत्ति का क्षेत्रफल- 167.33 वर्ग गज (1506 वर्ग फीट ) है

3 सम्पति के पडौसान- (क) पूर्व भूमि मकानात रामलाल पुत्र कानाराम प्रजापत (ख) पश्चिम- आम रास्ता सीकर सालासर सड़क (ग) उत्तर- रास्ता आम लक्ष्मण राम प्रजापत खेड़े का (घ) दक्षिण- मकानात हुसेन खां पुत्र मोहन खां

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपत्ति हो तो दिनांक 14.01.2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नही किया जायेगा

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**


# चारभुजा क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**बिजौलियां(निसं.)।** गोपालपुरा में आयोजित चारभुजा क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा संजय धाकड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। धाकड़ ने क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। विजेता टीम हिंडोली को एक लाख रुपये व ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम मकरेडी को 31 हजार रुपये व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। अध्यक्षता मनोज गोधा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बिजौलियां ने की एवं विशिष्ट अतिथि रामलाल धाकड़ सरपंच गोपालपुरा,प्रमुख खनन व्यवसायी जगदीश खंडेलवाल,भाजपा नेता अमर सिंह बंजारा,अनिल धाकड़,अर्जुन धाकड़,कपिल धाकड़, अनिल धाकड़ व टूर्नामेंट के स्पॉन्सर नरोत्तम धाकड़ मौजूद रहे।



# महाकुंभ 2025 के लिए कुचामन सिटी से भक्तों का जत्था रवाना

**कुचामन सिटी(निसं.)** श्री बाबा रामदेव मंडल न्यू कॉलोनी के तत्वाधान में महाकुम्भ के लिए बस से भक्तों का जत्था रवाना हुआ। इस उपलक्ष्य में बाबा रामदेव मंडल के पदाधिकारियों ने सभी यात्रियों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और बस को रवाना किया,इस अवसर पर मंडल से लालाराम छपोला, किश नलाल छापरवाल, भंवर लाल नोखवाल, खेताराम किशोर , रामपाल हनुमानराम,चौथमल,मोहनलाल, लक्ष्मणराम सारडीवाल, रामपाल जालंधरा भारतीय जनता पार्टी कुचामन शहर अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत, सुनील कुमावत मोहनलाल बारवाल लक्ष्मीनारायण, हरीश, श्रवणराम, श्यामलाल जलाधरा मोतीराम,भोमाराम,राकेश घोड़ेला आदि लोग उपस्थित थे।





# कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर

**प.स. सुजानगढ़ (चुरू)**

क्रमांक- ग्रा.प./ सा./2025/29 दिनांक 13.01.2025

## आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मंजू देवी पुत्नी जगदीश प्रसाद ढाका जाति जाट निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 27924 पट्टा जारी दिनांक 18/11/2024 पट्टा धारी का नाम श्रीमति मंजू देवी पुत्नी जगदीश प्रसाद ढाका जाति जाट निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 27924 पट्टा जारी दिनांक 18/11/2024 पट्टा धारी का नाम श्रीमति मंजू देवी पत्नी जगदीश प्रसाद ढाका जाति जाट निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है

2. आवासीय सम्पत्ति का क्षेत्रफल- 309.95 वर्ग गज (2789.56 वर्ग फीट) है

3 सम्पति के पड़ौसान- (क) पूर्व- आम रास्ता (ख) पश्चिम- मकानात विकास पुत्र भगवानाराम ढाका (घ) दक्षिण- मकानात ओमप्रकाश पुत्र दानाराम 7 (ग) उत्तर-मकानात सीताराम पुत्र दानाराम

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपत्ति हो तो दिनांक 14.02.2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे । समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नही किया जायेगा

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**



# कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर

**प.स. सुजानगढ़ (चुरू)**

क्रमांक- ग्रा.प./ सा./2025/27 दिनांक 13.01.2025

## आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री श्रीराम पुत्र अन्नाराम ढाका जाति जाट निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 16 पट्टा जारी दिनांक 05/06/2017 पट्टा धारी का नाम श्री श्रीराम पुत्र अन्नाराम ढाका जाति जाट निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ के नाम से स्थित सम्पति का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 16 पट्टा जारी दिनांक 05/06/2017 पट्टा धारी का नाम श्री श्रीराम पुत्र अन्नाराम ढाका जाति जाट निवासी सालासर नाम से जारी किया गया है ।

2. आवासीय सम्पत्ति का क्षेत्रफल- 273.83 वर्ग गज (2464.73 वर्ग फीट) है

3 सम्पति के पडौसान- (क) पूर्व- भूमि सुरेश कुमार पुत्र किशनलाल पोद्दार (ख) पश्चिम- आम रास्ता (ग) उत्तर- मकानात हेमाराम पुत्र सांवताराम ढाका (घ) दक्षिण- मकानात रामस्वरूप ढाका पुत्र अन्नाराम ढाका

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपत्ति हो तो दिनांक 14.02.2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे । समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति को स्वीकार नही किया जायेगा

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़**

# चूरू के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी प्रदेश सरकार : गहलोत



## स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड व पट्टा वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड व पट्टा वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रमुख वंदना आर्य, चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसएसपी जय यादव, प्रधान दीपचंद राहड़, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, बसंत शर्मा, अभिषेक चोटिया, नौरंग सीलू सहित अतिथि मौजूद रहे। सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ दुर्गा ढाका ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से चूरू के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सरकार के विशेष प्रयासों से आमजन की सुविधाओं के विस्तार और प्रशासनिक ढांचे को और सुदृढ़ करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के संवेदनशील निर्णय से शुरू की गई स्वामित्व योजना से गांवों में संगठित विकास को बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीणों को उनकी संपति का कानूनी दस्तावेज मिला है और विभिन्न योजनाओं में उनका लाभ मिल रहा है। इसी के साथ उनकी आय में भी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना पीएम मोदी की मंशानुरूप जनता को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतरीन पहल साबित होगी। इससे महिलाएं सशक्त हो रही हैं और परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। इसी क्रम में हम सभी मिलकर चूरू को समृद्ध बनाने का संकल्प लें। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सरकार सुविधाओं के विस्तार के लिए संकल्पित है। विशेष प्रयासों और प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश की डबल इंजन सरकार के पहले बजट की घोषणाओं को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। अभी नए बजट में आमजन को भरपूर सौगात मिलेंगी।



### स्वामित्व योजना देश के ढ़ांचे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक पहलः मोदी

स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को प्रॉपर्टी पार्सल एवं पट्टे वितरण के राष्ट्रीय कार्यक्रम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वामित्व योजना देश के ढांचे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक पहल है। देश की 60 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। पहले ग्रामीणों के पास उनकी संपत्ति के कानूनी दस्तावेज नहीं होने के कारण उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता था, परंतु स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामीण संपत्ति का कानूनी अधिकार मिलने से विभिन्न योजनाओं में समुचित लाभ ले पा रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था सुधार हो रहा है और आमजन सक्षम बन रहे हैं। स्वामित्व योजना से ग्रामीण क्षेत्र और आमजन की संपत्ति के स्पष्ट नक्शे होंगे, जिससे विकास की प्लानिंग और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना से महिलाएं सशक्त हो रही है। स्वामित्व योजना अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए महिलाओं को संपत्ति का मालिकाना अधिकार दिया गया है। किसी के साथ पीएम आवास योजना में भी अधिकतर महिलाओं को आवास दिए जा रहे हैं। अब गांवों में समुचित सुविधाएं मिल रही है और आर्थिक सामर्थ्य बढ़ रहा है। हमारे गांव व गरीब सशक्त होंगे तो विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

### प्रॉपर्टी पार्सल का वितरण

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, जिला प्रमुख वंदना आर्य, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसएसपी जय यादव, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, बसंत शर्मा सहित अतिथियों ने गजराज सिंह, सलीम खान, उम्मेद हुसैन, घनश्याम, गोविंद सिंह सहित लाभार्थियों को स्वामित्व योजनांतर्गत प्रॉपर्टी पार्सल व पट्टे वितरित किए। सीईओ श्वेता कोचर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह, विक्रम कोटवाद, अभिषेक चोटिया, विमला गढ़वाल, सुरेश सारस्वत, नरेंद्र सैनी, दीनदयाल सैनी, नारायण बेनीवाल, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, उद्योग सहायक आयुक्त उजाला, चूरू बीडीओ महेंद्र भार्गव, एएसओ विक्रम गुर्जर, सोहनलाल धायल, सुरेश सैनी, प्रेम सिंह चौहान, अजीत सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। संचालन बजरंग हर्षवाल ने किया।

जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम भजनलाल शर्मा जनकल्याण और हितकार के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी उनकी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक पात्र को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाए।

## एडीजे ने मोबाइल वैन को किया रवाना



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के अपर जिला व सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा व सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिह ने शनिवार को हरी झंडी दिखाकर मोबाईल वैन को रवाना किया। न्यायाधीश मीणा ने बताया कि मोबाईल वैन शनिवार को क्षेत्र के सुखवासी व पंडरेउ टिब्बा में रहेगी और सोमवार को गाँव पुनरास व गौड़ास में रहेगी। उक्त गाँवों की चौपाल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मोबाईल वैन से उक्त गांवों में बाल विवाह की रोकथाम, पोधारोपण, नालसा की विभिन्न स्कीमों और कानून के बारे में जानकारियां दी जाएगी और लोगों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इस दौरान 8 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के फायदों के बारे में भी बताया जाएगा। इस दौरान न्यायालय कर्मचारी व अधिवक्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को दिए प्रोपर्टी कार्ड



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** पंचायत समिति सभागार में शनिवार को स्वामित्व कार्ड व पट्टा वितरण कार्यक्रम उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण दिखाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने उपस्थित लोगों को स्वच्छ भारत मिशन व नशा मुक्ति को लेकर शपथ दिलाई। कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रोपर्टी कार्ड वितरण किए गए। विकास अधिकारी राजूराम ने कहा कि 2024 पीएम आवास योजना ग्रामीण का अपने मोबाइल ऐप से आवेदन कर सकते हैं और ग्राम विकास अधिकारी को भी आवेदन दे सकते हैं। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी हंसराज मीणा, शिक्षा अधिकारी चरण सिंह, नारायण प्रजापत, भंवरसिंह बीदावत, रामनिवास भामू, कुशलनाथ सिद्ध, जीतू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## क्षतिग्रस्त विद्युत पोल दे रहा हादसों को न्यौता

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड संख्या 28 में क्षतिग्रस्त बिजली पोल दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है, जबकि उक्त पोल को बदलने के लिए एलएंडटी कंपनी की ओर से विभाग को राशि भी जमा करवा दी गई है। मामले के अनुसार गत दिनों वार्ड 28 में एक ट्रेक्टर ट्रोली से टक्कर मारकर बिजली पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। घटना पास ही में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी। उक्त ट्रोली एलएंडटी कंपनी के ठेकेदार के अधिनस्थ कार्य कर रही थी। जिस पर कंपनी के ठेकेदार ने उक्त जर्जर पोल को बदलने के लिए जोधपुर डिस्कॉम में रुपए भी जमा करवा दिए, लेकिन आज तक उक्त पोल को विभाग की ओर से नहीं बदला गया है। पार्षद नंदकिशोर भार्गव ने बताया कि जर्जर बिजली का पोल हादसे को निमंत्रण दे रहा है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है, जबकि संबंधित अधिकारियों को कई बार मौखिक व लिखित रूप से अवगत भी करवाया जा चुका है।



## मदनलाल बिश्नोई ने संभाला सरदारशहर थाना अधिकारी का कार्यभार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पुलिस थाने में थानाधिकारी अरविंद कुमार भारद्वाज का तबादला होने के बाद अब नए थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने एक बार फिर सरदारशहर पुलिस थाने की कमान संभाल ली है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई पूर्व में भी सरदारशहर थाना अधिकारी रह चुके हैं। शनिवार को थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने कार्यभार संभालने के बाद मीडिया कर्मियों से रूबरू होते हुए बताया कि मेरे कार्यभार संभालने के बाद पता चला है कि शहर में चल रहे अवैध कैफे में अनैतिक गतिविधियां संचालित होती है। अब इन अवैध कैफे के खिलाफ प्राथमिकता से कार्रवाई करते हुए इस प्रकार की अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाई जाएगी। थानाधिकारी ने तुरंत शहर में संचालित सभी कैफे की लिस्ट तैयार करने को कहा। वहीं उन्होंने कहा कि अपराधों पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाकर अपराधियों को भी सलाखों के पीछे किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से बढ़ रही चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि के समय भी गस्त बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में सीसीटीवी कैमरे भी बंद पड़े हैं उनको तुरंत प्रभाव से चालू करवाए जाएंगे। इस अवसर पर थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई का सामाजिक कार्यकर्ता बहन शिल्पा स्वामी सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी व शहर के लोगों ने गुलदस्ता भेंट कर व मिठाई खिलाकर और पुष्प गुछ भेंट कर स्वागत किया।



## एडीएम सोनी ने रात्रि चौपाल में सुनी आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** राज्य सरकार की आमजन को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने और लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मंशा व निर्देश के अनुसार अतिरिक्त जिला कलेक्टर अर्पिता सोनी सहित विभिन्न अधिकारियों की ओर से रात्रि चौपाल का आयोजन कर आमजन की समस्याओं के समाधान के समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में ग्राम पंचायत रतनसरा के पंचायत भवन में शुक्रवार रात्रि को अतिरिक्त जिला कलेक्टर अर्पिता सोनी ने रात्रि चौपाल का आयोजन कर आमजन के अभाव अभियोग सुने और समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुवे कहा कि अधिकारी आमजन की शिकायतों को संवेदनशीलता से निस्तारित करें और शिकायतों के निस्तारण में टाइमलाइन निर्धारित कर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट दें व समुचित कार्यवाही करते हुए आमजन को संतुष्ट करें। रात्रि चौपाल में उपस्थित आमजन ने राशन वितरण, पेयजल आपूर्ति, बिजली, साफ-सफाई, खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ने, स्पीड ब्रेकर बनाने, अंडर ब्रिज से पानी निकासी सहित दर्जनों परिवाद दिए गए, जिन पर एडीएम सोनी ने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा निर्धारित कर शिकायतों के निस्तारण की बात कही। इस अवसर पर एडीएम अर्पिता सोनी, उपखण्ड अधिकारी रामकुमार वर्मा, नायब तहसीलदार मुरारीलाल, सहायक विकास अधिकारी दिलीप सोनी ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार आमजन की शिकायतों के निस्तारण को लेकर बहुत गंभीर है, इसलिए आमजन अपनी शिकायतों को रखें व निस्तारण में प्रशासन का भी यथा आवश्यक सहयोग करें। सरपंच विक्रम पाल थालौड़ ने आगंतुकों का आभार प्रगट किया। इस दौरान उप सरपंच प्रभाती मैया, ग्राम विकास अधिकारी हितेश शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार जाखड़ सहित अनेक विभागों के अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## नलिया बास में मारपीट के परस्पर मामले दर्ज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नलिया बास में मारपीट के दो परस्पर मुकदमे कोतवाली थाने में दर्ज हुए हैं। खुशबू चौहान पुत्री गोपीसिंह, निवासी वार्ड न. 5 सुजानगढ़ ने पुलिस को बताया है कि 17 जनवरी की शाम को आरोपी सुमित्रा जाट, ललिता माली, भगवानी जाट, महेश माली ने हमारे घर पर आकर हमला किया, मेरी माताजी व बहन का सर फोड़ दिया और मेरे पिताजी पर भी हमला किया। इसी के परस्पर मुकदमा दर्ज करवाते हुए भगवती देवी पत्नी नेमीचंद जाट, निवासी वार्ड न. 8, सुजानगढ़ ने मामला दर्ज करवाकर पुलिस को बताया है कि 17 जनवरी की शाम को साढ़े पांच बजे मैं मेरे पड़ोस में दूध लाने के लिए गई थी। तो रास्ते में गोपीचंद की पत्नी, उसकी लड़की भावना व खुशबू जोर-जोर से मोहल्ले के लोगों को गालियां निकाल रही थी। तब मैंने गालियां निकालने से मना किया, तो गोपीचंद व उसकी पत्नी सजना और दोनों लड़कियां आ गई और रास्ता रोककर मेरे साथ मारपीट की और गाली गलोच किया।

## उनियाल को मिलेगा संतोष व्यास स्मृति सृजन सेवा सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मरूदेश संस्थान की ओर से पूर्व प्राचार्या संतोष व्यास की स्मृति में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिला को प्रदान किया जाने वाला वर्ष 23-24 का सृजन सेवा सम्मान ताल छापर की डॉ. चयनिका उनियाल पंडा को प्रदान किया जाएगा। इस सम्बन्ध में मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि डॉ. चयनिका उनियाल पन्डा ने चूरू जिले (राजस्थान) के छापर कस्बे में स्कूली शिक्षा और सुजानगढ़ कस्बे में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। डॉ. चयनिका 2009 से 2011 तक नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी (छडडस) की रिसर्च फेलो और 2021 से 2023 तक ब्रसेल्स स्थित द साउथ एशिया डेमोक्रेटिक फोरम की फेलो रह चुकी हैं। इन्होंने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी). दिल्ली की सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में 2006 से 2015 तक काम किया है। वर्तमान में ये इतिहास विभाग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में वरिष्ठ एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।



## मारपीट के आरोपियों को दो-दो साल का कारावास

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय अपर जिला व सत्र न्यायालय ने मारपीट के 12 साल पुराने मामले में 6 आरोपियों को 2-2 वर्ष के कारावास और प्रत्येक मुल्जिम को एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि रामचंद पुत्र दीनाराम जाट निवासी जिली ने सांडवा थाने में मुकदमा दर्ज करवाकर कानाराम, हीराराम, सीताराम, राजूराम, इमादेवी, संतोषदेवी पर बाखल में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया था। इसी प्रकार के क्रॉस केस में दीपाराम व सुवटी देवी को भी एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी की ओर से दोषसिद्ध करार दिया गया है। दोनों ही प्रकरणों में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने की।,

## सरदारशहर के भोजक को मिला प्रेस क्लब अवार्ड

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** प्रेस क्लब अवार्ड आयोजन में कला कुंज स्टुडियो सरदारशहर के शैलेन्द्र भोजक पुत्र बजरंग लाल- रमा देवी भोजक को प्रेस क्लब अवार्ड 2024 फोटोग्राफर अवार्ड दिया गया। भोजक को उक्त सम्मान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धा रमैया की ओर से एक सम्मान समारोह में दिया गया हैं। इस समारोह में कर्नाटक के कैबिनेट मंत्री केजे जॉर्ज, केएच मुनियप्पा व एमबी पाटिल के साथ अन्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। मूलरूप से सरदारशहर के भोजक पिछले 22 वर्षों से प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया में चीफ फोटो जर्नलिस्ट के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पिछले 15 वर्षो से प्रेस क्लब बेंगलुरु में सक्रिय-रूप में जुड़े हुऐ हैं। भोजक को इस उपलब्धि पर लोगों ने भोजक को शुभकामनाएं प्रेषित की और उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का समापन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय जीएचएस महाविद्यालय में इंटरनेशनल मल्टीडिसिप्लीनेरी कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग ट्रेंडस इन सांईस, कॉमर्स व हुमेनिटिज का समापन समारोह शनिवार को दोपहर बाद आयोजित हुआ। सफलतापूर्वक आयोजित हुई दो दिवसीय कॉन्फेंस के समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. पी एस वर्मा, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. हरसुख छरंग, ईरान के प्रो. अहमद हुसैनी रहे। मुख्य अतिथि प्रो. पीएस वर्मा ने कॉन्फेंस को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने के लिए बधाई देते हुए इस प्रकार के आयोजनों को शिक्षा के हित में बताया। गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. हरसुख छरंग ने प्रतिभागियों और विद्यार्थियों को वर्तमान समय में प्रवर्तनों से अपडेट रहने की सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान समय में एआई का प्रयोग मनुष्य का विवेकशीलता और तार्किक शक्ति को प्रभावित करने लगा है, इससे मनुष्य को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने नेप 2020 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमें इसकी कमियों के बारे में सरकार को लिखना चाहिए। प्रो. अहमद हुसैनी ने आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना की। प्राचार्या विनीता चौधरी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को प्राथमिकता देने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के आयोजन से राजकीय जीएचएस कॉलेज सुजानगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक मंच पर एक महत्वपूर्ण स्थान मिला है। आयोजन सचिव डॉ. बीएस बैरवा ने कान्फेंस की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए रिसर्च पेपर्स के बारे में अवगत करवाया। सह समन्वयक प्रमोद कुमार ने आभार व्यक्त किया। संचालन विजय सिंवल, दिव्या जांगिड़ ने किया। इस अवसर पर प्रो. पहुप सिंह, प्रो. पीसी त्रिवेदी सहित अनेक शिक्षाविदों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

## जमानत आवेदन किया खारिज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** हाल ही में सालासर पुलिस की ओर से 17 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी नेमाराम पुत्र उदाराम निवासी होडू, जिला बाढ़मेर का जमानत आवेदन एडीजे कोर्ट में लगाया गया था। अपर लोक अभियोजक एडवोकेट श्याम संदर खंडेलवाल ने बताया कि एडीजे न्यायाधीश ने आरोपी का जमानत आवेदन खारिज कर दिया है।

## स्नेह मिलन व सम्मान समारोह कल

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** संयुक्त व्यापार मंडल स्टेशन रोड़ की ओर से नववर्ष के मौके पर व्यापारी स्नेह मिलन व वरिष्ठ व्यापारियों का सम्मान समारोह सोमवार को आयोजित होगा। अध्यक्ष गिरधारीलाल बुगालिया, मंत्री कमल दाधीच ने बताया कि राजकीय पीसीबी स्कूल में यह कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें वरिष्ठ व्यापारियों का सम्मान भी किया जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।